RNI No. : TNHIN/2013/5252 ▪ वर्ष - 13 ▪ अंक - 126 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 30-11-2025 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 एसआईआर के बहाने वोट डालने का अधिकार छीन रही है भाजपा सरकार : अखिलेश यादव

6 हवलदार विवेक सिंह तोमर : जलते टेंट में कर्तव्य के लिए लगाई छलांग, इस बलिदानी को लाखों सलाम

7 चाचा पवन कल्याण और भाई राम चरण का मार्गदर्शन अमूल्य : निहारिका कोनिडेला

## फर्स्ट टेक

### नेपाल में उतरते समय विमान से टकराया पक्षी, सभी यात्री सुरक्षित

**काठमांडू/भाषा।** नेपाल में पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को उतरते समय एक निजी एयरलाइन के विमान से एक पक्षी टकरा गया। हालांकि, हवाई अड्डा सूत्रों के अनुसार, सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। हवाई अड्डा प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि काठमांडू से पोखरा जा रहा बुद्धा एयरलाइंस का 9एन एओसी विमान अपराह्न 3.45 बजे उतरते समय एक पक्षी से टकरा गया। घटना के बाद, एक तकनीकी टीम ने विमान की सुरक्षा जांच की। अधिकारी ने बताया कि घटना में विमान का प्रोपेलर ब्लेड थोड़ा क्षतिग्रस्त हो गया।

### ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए बल तैयार : बीएसएफ

**जम्मू/भाषा।** पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकियों को भारतीय सीमा में धकेलने के लिए तैयार 72 से अधिक 'लॉन्चपैड' को अंदरुनी इलाकों में स्थानांतरित कर दिया गया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि सरकार सीमा पार अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' का दूसरा संस्करण शुरू करने का फैसला करती है, तो बल दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाने के लिए तैयार है। अधिकारियों ने हालांकि कहा कि बीएसएफ 7-10 मई तक चार दिनों तक चली सैन्य कार्रवाई को रोकने पर बनी सहमति का सम्मान कर रही है। बीएसएफ के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) विक्रम कुंवर ने संवाददाताओं से कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ द्वारा सीमा पर कई आतंकी लॉन्चपैड को नष्ट कर दिया गया था जिसके बाद पाकिस्तान सरकार ने ऐसे केंद्रों को भीतरी इलाके में स्थानांतरित कर दिया है... लगभग 12 लॉन्चपैड सियालकोट और जफरवाल में काम कर रहे हैं, जो वास्तव में सीमा पर नहीं हैं।''

### ओडिशा से माओवादियों का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध बीएसएफ : आईजी

**भुवनेश्वर/भाषा।** बीएसएफ मार्च 2026 तक ओडिशा से माओवादियों का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध है। अर्धसैनिक बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह कहा। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिरीक्षक (आईजी) शिव आधार श्रीवास्तव ने कहा कि हम मार्च 2026 तक राज्य से माओवादियों का सफाया करने के लिए ओडिशा पुलिस और अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ मिलकर प्रौद्योगिकी-समर्थित सार्थक अभियान चला रहे हैं।

| सूर्यास्त | सूर्योदय |
|---|---|
| 30-11-2025 | 01-12-2025 |
| 5:40 बजे | 6:15 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 85,706.67 | 26,202.95 |
| (-13.71) | (-12.60) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 13,170 रु. | 176,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### नेता गुण

नेता होते हैं बाजीगर,
मुद्दों से ध्यान बँटाने में।
होते हैं पूरे व्यापारिक,
रिश्तों को जोड़-घटाने में।
पूरे होते हैं क्रूर कुशल,
पथ कंटक दूर हटाने में।
जिस पर उनका दिल आ जाए,
पल लगता उसे पटाने में।।

# सिद्दरामय्या, शिवकुमार एकजुट, हाईकमान का निर्णय सर्वोपरि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को एक साथ नाश्ता किया। नाश्ते में भले ही इडली और वड़ा हो लेकिन इस मुलाकात से कर्नाटक के दो कद्दावर नेताओं के बीच सत्ता की खींचतान कम होती दिखी। सिद्दरामय्या ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, मैंने शिवकुमार के साथ नाश्ते पर मुलाकात की क्योंकि कुछ भ्रम पैदा किया गया था। यह मीडिया द्वारा फैलाया गया था। उन्होंने कहा, हमारे बीच कोई मतभेद नहीं हैं। आज भी कोई मतभेद नहीं हैं, भविष्य में भी नहीं होंगे। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि अब से कोई मतभेद न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे एकजुट हैं और मिलकर 2028 का विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। सिद्दरामय्या ने इस बात पर भी जोर दिया कि कोई भी मंत्री और सत्तारूढ़ पार्टी का विधायक सरकार के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा, हम विधानसभा में लड़ेंगे। हमने भाजपा और जनता दल सेक्युलर (जदएस) का सामना करने की रणनीति बना ली है। वे कह रहे हैं कि अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा। अगर वे स्थगन प्रस्ताव लाते हैं तो हम उससे निपटेंगे।

शिवकुमार ने कहा कि जनता ने कांग्रेस का समर्थन कर उसे सत्ता सौंपी है इसलिए पार्टी को उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। शिवकुमार ने मुख्यमंत्री के साथ मतभेदों को खारिज करते हुए कहा, हमारे बीच कोई गुटबाजी नहीं है। हम साथ चलेंगे, सबको साथ लेकर चलेंगे और पार्टी आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे।

कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने 2028 के विधानसभा चुनावों में विपक्षी दलों और बेलगावी में कर्नाटक विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र में भाजपा द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पेश किए जाने की स्थिति में निपटने के तरीकों पर भी चर्चा की।

## मौजूदा दौर में अर्थव्यवस्था पर तेजी से हावी होती जा रही राजनीति : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि मौजूदा समय में राजनीति अर्थव्यवस्था पर तेजी से हावी होती जा रही है।

जयशंकर यहां आईआईएम-कलकत्ता के परिसर में 'डॉक्टरेट' की मानद उपाधि मिलने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा दौर है जिसमें राजनीति, अर्थव्यवस्था पर हावी होती जा रही है... और यह कोई मजाक की बात नहीं है। जयशंकर ने यह भी कहा कि चीन ने लंबे समय तक अपने ही नियमों के अनुसार चीजें की है और वह अब भी ऐसा ही कर रहा है।

विदेश मंत्री ने कहा कि इस परिस्थिति में, अन्य देश इस बात को लेकर अस्पष्ट हैं कि दिख रही प्रतिस्पर्धा या सौदेबाजी पर ध्यान देना चाहिए या नहीं। जयशंकर ने कहा, वैश्विकरण, विखंडन और आपूर्ति की कमी के ऐसे दबावों और तनावों का सामना करते हुए शेष विश्व अचानक पेश आने वाली सभी मुश्किलों से बचने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सक्रिय रूप से आत्मनिर्भर बनने की कोशिश कर रहा है और खुद को उद्योगों के लिए एक विनिर्माण केंद्र बना रहा है। उन्होंने कहा कि भारत आधारभूत ढांचा के साथ-साथ विज्ञान के क्षेत्र में भी तेजी से तरक्की कर रहा है।

## स्वदेशी 'स्टील्थ फ्रिगेट' तारागिरि भारतीय नौसेना को सौंपा गया

**नई दिल्ली/भाषा।** अत्याधुनिक युद्ध क्षमताओं से लैस स्वदेशी उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट 'तारागिरी' को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। नीलगिरि-श्रेणी (प्रोजेक्ट 17ए) के चौथे पोत और मझगांव डॉक शिपबिल्डिंग लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा निर्मित तीसरे जहाज 'तारागिरि' (यार्ड 12653) को 28 नवंबर को मुंबई स्थित एमडीएल में भारतीय नौसेना को सौंपा गया। यह युद्धपोत डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# भारत की परंपरा भाईचारे में निहित, विवाद हमारे स्वभाव में नहीं : भागवत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

■ **हमारा किसी से कोई विवाद नहीं है। हम विवादों से दूर रहते हैं। विवाद करना हमारे देश के स्वभाव में नहीं है। एकजुट रहना और भाईचारे को बढ़ावा देना हमारी परंपरा है।**



**मुंबई/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि विवादों में उलझना भारत के स्वभाव में नहीं है और देश की परंपरा ने भाईचारे एवं सामूहिक सद्भाव पर हमेशा जोर दिया है। भागवत ने नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव में कहा कि राष्ट्र की अवधारणा के मामले में भारत का दृष्टिकोण पश्चिमी व्याख्याओं से मूलतः भिन्न है। उन्होंने कहा, ''हमारा किसी से कोई विवाद नहीं है। हम विवादों से दूर रहते हैं। विवाद करना हमारे देश के स्वभाव में नहीं है। एकजुट रहना और भाईचारे को बढ़ावा देना हमारी परंपरा है।'' उन्होंने कहा कि दुनिया के अन्य हिस्से संघर्षपूर्ण परिस्थितियों में विकसित हुए हैं।

भागवत ने कहा, ''एक बार कोई मत बन जाने के बाद उससे अलग कोई भी विचार अस्वीकार्य हो जाता है। वे अन्य विचारों के लिए दरवाजे बंद कर देते हैं और उसे 'वाद' कहकर पुकारने लगते हैं।'' उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्र की अवधारणा को लेकर भारत का दृष्टिकोण पश्चिमी व्याख्याओं से मूल रूप से भिन्न है। उन्होंने कहा, ''वे राष्ट्र की हमारी अवधारणा को समझ नहीं पाते, इसलिए उन्होंने इसे 'राष्ट्रवाद' कहना शुरू कर दिया। 'राष्ट्र' की हमारी अवधारणा पश्चिमी अवधारणा से भिन्न है....।'' उन्होंने कहा, ''हम राष्ट्रीयता शब्द का इस्तेमाल करते हैं, राष्ट्रवाद का नहीं। राष्ट्र के प्रति अत्यधिक गर्व के कारण दो विश्व युद्ध हुए और यही कारण है कि कुछ लोग राष्ट्रवाद शब्द से डरते हैं।'' भागवत ने कहा कि यदि राष्ट्र की उस परिभाषा को माना जाये, जो पश्चिमी संदर्भ में समझी जाती है, तो उसमें आमतौर पर एक राष्ट्र की व्यवस्था होती है, जिसमें केंद्र सरकार क्षेत्र का संचालन करती है, लेकिन भारत हमेशा से एक 'राष्ट्र' रहा है, चाहे अलग-अलग शासन-व्यवस्थाएं रही हों या विदेशी शासन का समय रहा हो।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' नागरिक-सैन्य एकीकरण का शानदार उदाहरण : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' नागरिक-सैन्य एकीकरण का एक ''शानदार उदाहरण'' है, जहां प्रशासनिक तंत्र ने जनता का विश्वास स्थापित करने और महत्वपूर्ण सूचनाओं के संचार के लिए सशस्त्र बलों के साथ मिलकर काम किया।

वह उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में 100वें 'कॉमन फाउंडेशन कोर्स' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

सिंह ने युवा सिविल सेवकों से राष्ट्रीय हितों की रक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को समझने और बहादुर सैनिकों की तरह ऐसी गंभीर परिस्थितियों के लिए हमेशा तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर नागरिक-सैन्य एकीकरण का एक शानदार उदाहरण है, जहां प्रशासनिक तंत्र ने महत्वपूर्ण सूचनाओं के संचार और जनता का विश्वास स्थापित करने के लिए सशस्त्र बलों के साथ मिलकर काम किया।''

रक्षा मंत्री ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सशस्त्र बलों ने संतुलित प्रतिक्रिया में पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया, लेकिन यह पड़ोसी देश का दुर्व्यवहार था जिसने सीमा पर स्थिति को सामान्य नहीं होने दिया।


सिंह ने जहां सैनिकों की बहादुरी की सराहना की, वहीं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए गए कार्य की भी सराहना की, क्योंकि उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारी का संचार किया तथा देश भर में 'मॉक ड्रिल' का सफल संचालन सुनिश्चित किया। उन्होंने 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शासन और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' और 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' के मंत्र पर प्रकाश डालते हुए सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य को गति देने में सिविल सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# चक्रवात 'दित्वा' के कारण तमिलनाडु में भारी बारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

■ **28 आपदा प्रतिक्रिया दल तैयार**





**चेन्नई।** तमिलनाडु तट की ओर बढ़ रहे चक्रवात दित्वा' के कारण शनिवार को तटीय क्षेत्रों और कावेरी डेल्टा के जिलों में भारी बारिश हुई। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए 28 आपदा प्रतिक्रिया दल तैयार रखे गए हैं। सबसे अधिक प्रभाव रामनाथपुरम और नागपट्टिनम जिलों पर पड़ा। लगातार बारिश और तेज हवाओं से रामेश्वरम में दूसरे दिन भी सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। एक अधिकारी ने बताया कि नागपट्टिनम में भारी बारिश के दौरान कई पेड़ गिर गए। राज्य के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री के. के. एस. एस. आर. रामचंद्रन ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि चक्रवात दित्वा' चेन्नई के पास तट से टकराएगा या नहीं, लेकिन सरकार युद्धस्तर पर बचाव और राहत कार्य शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

मंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा, एसडीआरएफ (राज्य आपदा मोचन बल) और एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) सहित लगभग 28 आपदा प्रतिक्रिया दल तैयार हैं। हम अन्य राज्यों से 10 और टीम को हवाई मार्ग से लाने की योजना बना रहे हैं। वायु सेना और तटरक्षक बल को भी सतर्क कर दिया गया है। इसके अलावा, कल जिलों में निगरानी दल भेजे जाएंगे।

उन्होंने बताया कि अभी तक जनहानि की कोई सूचना नहीं है, हालांकि 16 मवेशी मारे गए हैं और 24 झुग्गियों को नुकसान पहुंचा है।

### ऑपरेशन 'सागर बंधु':

## वायुसेना के दो विमानों ने श्रीलंका को सहायता पहुंचायी, आईएनएस सुकन्या भी रवाना

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय वायुसेना के दो परिवहन विमानों सी-130जे और आईएल-76 ने शनिवार को कोलंबो में लगभग 21 टन राहत सामग्री पहुंचाई। यह राहत सामग्री चक्रवात दित्वा के कारण श्रीलंका के लिए उत्पन्न संकट की इस घड़ी में मानवीय सहायता के तहत मदद करने के लिए भारत द्वारा शुरू किये गए ऑपरेशन सागर बंधु के तहत पहुंचायी गई। अधिकारियों ने बताया कि पोत आईएनएस सुकन्या, अधिक मानवीय सहायता लेकर विशाखापत्तनम से रवाना हो चुका है और इसके शीघ्र ही श्रीलंका पहुंचने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया, ''टेंट, तिरपाल, कंबल, स्वच्छता किट और खाने-पीने की तैयार सामग्री सहित लगभग 12 टन मानवीय सहायता लेकर एक सी-130जे परिवहन विमान आज सुबह कोलंबो पहुंचा।''



# श्रीलंका में चक्रवात 'दित्वा' का कहर


## 150 से अधिक लोगों की मौत, आपातकाल घोषित

**कोलंबो/भाषा।** श्रीलंका में भीषण चक्रवात 'दित्वा' से मची तबाही के बाद शनिवार को हालात सामान्य करने की कोशिशें जारी रहीं। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पूरे देश में आपातकाल की घोषणा कर दी है। चक्रवात के कारण मरने वालों की संख्या 150 से अधिक हो गई है। देश के विभिन्न प्रांतों से भूस्खलन में लोगों के दबने और अचानक आई बाढ़ में बह जाने की दर्दनाक घटनाएं सामने आ रही हैं। चक्रवात के श्रीलंका से दूर जाने के साथ जलस्तर घट रहा है, लेकिन अधिकारियों ने चेतावनी दी कि इसके अप्रत्यक्ष प्रभाव अभी जारी रहेंगे।

आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) की रिपोर्ट के अनुसार, खराब मौसम से मरने वालों की संख्या बढ़कर 153 हो गई है। डीएमसी ने बताया कि 191 लोग लापता हैं और कई जिलों में तलाशी और राहत अभियान जारी है। कुल 25 जिलों में 2,17,263 परिवारों के 7,74,724 लोग इस आपदा से प्रभावित हुए हैं। कई क्षेत्रों में बाढ़, भूस्खलन और भारी बारिश के कारण हालात अभी भी कठिन बने हुए हैं। डीएमसी के अनुसार देशभर में 798 राहत शिविरों में 27,494 परिवारों के 1,00,898 लोग फिलहाल आश्रय लिए हुए हैं। शुक्रवार रात जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, पूरे देश में आपातकाल लागू कर दिया गया है।



## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, आजकल विश्व गुरु होने की चर्चा बहुत हो रही है। कुछ कहते हैं कि भारत विश्व गुरु है, तो कुछ कहते हैं भारत को विश्व गुरु बनना चाहिए, इस पर आप क्या कहते हैं ?

**उत्तर:** हम इन सब की हाँ में हाँ करते रहते हैं लेकिन साथ ही यह भी कहते रहते हैं कि विश्व क्या है और गुरु किसे कह सकते हैं, उनके लक्षण क्या होते हैं, उनकी अर्हता, योग्यता, पात्रता और अधिकार और कर्तव्य तथा उत्तरदायित्व क्या क्या होते हैं ? उन्हें कैसे पहचान सकते हैं ? इन प्रश्नों पर भी चर्चा कीजिए ताकि आप विश्व में उपहास के पात्र न बन जाएँ बल्कि राष्ट्र का मान और गौरव ही बढ़ाएँ ।

# भारतीय एयरलाइंस ने ए320 बेड़े के ज्यादातर विमानों का सॉफ्टवेयर अपग्रेड पूरा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने शनिवार से ए320 बेड़े के विमानों का सॉफ्टवेयर अपग्रेड शुरू कर दिया, ताकि एक संभावित विमान नियंत्रण समस्या को ठीक किया जा सके।

कुल 338 प्रभावित विमानों में अधिकांश में जरूरी बदलाव कर दिए गए हैं। इस काम की वजह से कई उड़ानों में देरी हो रही है।

सूत्रों ने बताया कि इस वजह से कोई उड़ान रद्द नहीं हुई, लेकिन कई हवाईअड्डों पर 60-90 मिनट की देरी हो रही है।

एयरबस ने शुक्रवार को कहा था कि तीव्र सौर विकिरण की वजह से ए320 श्रेणी के काफी विमानों में उड़ान नियंत्र के लिए जरूरी डेटा खराब हो सकता है और इस समस्या को ठीक करने के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट करने के दौरान परिचालन में बाधा आएगी।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के 29 नवंबर सुबह 10 बजे तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कुल 338 में 189 ए320 परिवार के विमानों का सॉफ्टवेयर अपग्रेड पूरा हो चुका है। सभी प्रभावित विमानों पर यह काम 30 नवंबर सुबह 5:29 बजे तक पूरा करना अनिवार्य है।

डीजीसीए ने शनिवार को एयरलाइंस को तत्काल प्रभाव से जरूरी सॉफ्टवेयर अपग्रेड करने का निर्देश जारी किया। यह कदम एयरबस के वैश्विक स्तर पर अलर्ट जारी करने और यूरोपीय एविएशन सेफ्टी अथॉरिटी (ईएएसए) के आपातकालीन निर्देश जारी करने के बाद उठाया गया।

इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ए320 परिवार के विमान संचालित करती हैं। डीजीसीए के आंकड़ों के मुताबिक इंडिगो के 200 विमान, एयर इंडिया के 113 विमान और एयर इंडिया एक्सप्रेस के 25 विमान प्रभावित हैं।

सॉफ्टवेयर अपग्रेड करने का काम दिल्ली, बेंगलूरु, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, अहमदाबाद और कोलकाता स्थित एयरलाइंस के बेस पर चल रहा है।

इंडिगो ने कहा कि उसकी कोई भी उड़ान रद्द नहीं हुई है, लेकिन कुछ में थोड़ी देरी हो सकती है। एयर इंडिया ने भी ऐसी ही बात कही।

दुनिया भर में करीब 6000 प्रभावित विमानों को सॉफ्टवेयर अपग्रेड की जरूरत है। कुछ विमानों में हार्डवेयर को भी ठीक करना पड़ सकता है। कुल 8100 से ज्यादा ए320 परिवार के विमान सेवा में हैं।



# दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली में शनिवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 332 दर्ज किया गया जो बेहद खराब श्रेणी में आता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सुबह नौ बजे के बुलेटिन के अनुसार, शुक्रवार को एक्यूआई 369 दर्ज किया गया था जिसकी तुलना में आज यानी शनिवार को यह स्तर थोड़ा कम है।

सीपीसीबी के मानकों के अनुसार, एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए जाने का अनुमान जताया है। विभाग ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 90 प्रतिशत दर्ज की गई।

# टाटा समूह के लिए एयर इंडिया सिर्फ एक व्यावसायिक अवसर नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है: चन्द्रशेखरन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शनिवार को कहा कि बदलाव के दौर से गुजर रही एयर इंडिया टाटा समूह के लिए सिर्फ एक व्यावसायिक अवसर नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी भी है।

चंद्रशेखरन ने कहा कि विमानन क्षेत्र लगातार चुनौतियों का सामना कर रहा है और आपूर्ति शृंखला से जुड़ी समस्याओं के कारण पुर्जों, बुनियादी ढांचे और नए बेड़े की उपलब्धता काफी अनिश्चित हो गई है।

उन्होंने कहा, आप जो भी योजना बनाते हैं, वह इस क्षेत्र में सामने आने वाली स्थितियों के कारण कठिन होती जा रही है।

चंद्रशेखरन ने यह भी उल्लेख किया कि विमानन एक बहुत ही पूंजी-गहन व्यवसाय है और इसमें लाभ भी कम होते हैं।

शहर में जेआरडी टाटा की 121वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में चंद्रशेखरन ने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि टाटा समूह के लिए एयर इंडिया केवल एक व्यावसायिक अवसर नहीं है यह एक जिम्मेदारी है।

चंद्रशेखरन ने यह भी बताया कि विमानन एक बहुत पूंजी-गहन कारोबार है और इसमें लाभ भी बहुत कम रहता है।

टाटा समूह ने जनवरी 2022 में घाटे में चल रही एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस का अधिग्रहण किया था और तब से समूह एक महत्वाकांक्षी पांच-वर्षीय परिवर्तन योजना पर काम कर रहा है। हालांकि, विभिन्न कारणों से प्रगति अपेक्षा से धीमी रही है, जिनमें विमान उन्नयन और आपूर्ति में देरी का कारण बनने वाली वैश्विक आपूर्ति शृंखला की बाधाएं भी शामिल हैं।

# 'दूसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाया'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमरावती/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर प्रत्येक नागरिक के लिए उत्साहवर्धक खबर है और यह वृद्धि भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करती है। मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए की जिसमें उन्होंने 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर को बहुत उत्साहजनक बताया था। नायडू ने शुक्रवार देर रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि हर नागरिक के लिए उत्साहजनक खबर है। यही वृद्धि भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करती है।''

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) सुप्रीमो ने कहा कि विनिर्माण, निर्माण, वित्तीय सेवाएं, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं जैसे क्षेत्र उत्पादकता में वृद्धि तथा जीवंत आर्थिक माहौल को बढ़ावा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र विकसित भारत के लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ रहा है।

# दिल्ली धमाका जांच: एनआईए की टीम ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा से दो को गिरफ़्तार किया

**हल्द्वानी/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लाल किला के पास हुए बम धमाके की जांच के सिलसिले में केंद्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम ने दिल्ली एवं उत्तराखंड पुलिस के सहयोग से जिले के बनभूलपुरा क्षेत्र से बिलाली मस्जिद के इमाम तथा उसके एक सहयोगी को गिरफ़्तार कर लिया और दोनों को दिल्ली ले गई। अधिकारियों ने शनिवार को इसकी पुष्टि की।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस को लाल किले के बाहर हुए धमाके के मुख्य आरोपी डॉ उमर नबी से जुड़े मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल से हल्द्वानी का एक सुराग मिला था, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि बिलाली मस्जिद के इमाम मोहम्मद आशिफ और बिजली का काम करने वाले नजर कमाल को शुक्रवार को आधीरात के बाद गिरफ़्तार कर लिया गया और उन्हें दिल्ली ले जाया गया है ।

गिरफ़्तारी के बाद हल्द्वानी के शहर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कत्याल और लालकुआं की पुलिस उपाधीक्षक दीपशिखा अग्रवाल के नेतृत्व में लालकुआं, कालाढूंगी, हल्द्वानी, मुखानी और काठगोदाम आदि अनेक थानों से बड़ी संख्या में पुलिस बल बनभूलपुरा पहुंची ।

पुलिस ने बिलाली मस्जिद और इमाम के घर के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी है। अचानक बढ़ी पुलिस की हलचल से स्थानीय लोग सहम गए । इस संबंध में कत्याल ने कहा कि एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है ।

इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि एनआईए और उत्तराखंड पुलिस की एक टीम नैनीताल में भी एक मस्जिद में कुछ लोगों से पूछताछ करने के लिए गई है। लाल किले के पास एक कार में 10 नवंबर को हुए धमाके में 15 लोगों की मौत हो गई थी जबकि कई अन्य घायल हो गए थे ।

# सरकारी सुधारों, विनिर्माण प्रोत्साहन से दूसरी तिमाही की वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत हुई: गोयल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वडोदरा/भाषा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए अनेक कदमों और सुधारों की वजह से चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में अर्थव्यवस्था ने 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

गोयल ने कहा कि वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता के बावजूद देश का निर्यात भी अच्छी वृद्धि दर्ज कर रहा है। उन्होंने यहां सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय पदयात्रा में भाग लिया और इस दौरान कहा, 8.2 प्रतिशत की यह वृद्धि सरकार द्वारा किए गए ढेर सारे सुधारात्मक उपायों को दर्शाती है। घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और कारोबार में सुगमता लाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। गुजरात सरकार इस पदयात्रा का आयोजन करमसद से राज्य के नर्मदा जिले स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में कर रही है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि दर उन दावों का खंडन करती है जो कुछ वर्गों द्वारा किए जा रहे थे, और यह दर्शाती है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है।

गोयल ने कहा, हम निरंतर और मजबूत वृद्धि देखते रहेंगे। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान भारत के माल और सेवाओं के निर्यात ने भी उच्च वृद्धि दर्ज की है। अप्रैल-अक्टूबर अवधि में माल निर्यात मामूली 0.63 प्रतिशत बढ़कर 254.25 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 6.37% बढ़कर 451.08 अरब डॉलर रहा।

# भाजपा ने कांग्रेस-माओवादियों के बीच सांठगांठ का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कांग्रेस और माओवादियों के बीच सांठगांठ का आरोप लगाया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर ''नक्सली सहानुभूति'' को बढ़ावा देने तथा इसे राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए खतरा बताया।

सत्तारूढ़ भाजपा ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल से कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि भारत में नक्सलवाद लंबे समय तक जारी रहा और पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान मुख्य रूप से नीतिगत निष्क्रियता के कारण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। पार्टी ने आरोप लगाया गया कि ऐसी स्थिति के पीछे एक महत्वपूर्ण कारक सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) में सदस्यों के रूप में शामिल किए गए शहरी नक्सलियों का प्रभाव था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के तहत नक्सली प्रभाव में उल्लेखनीय गिरावट आने का दावा करते हुए भाजपा ने आरोप लगाया कि नक्सलियों के समर्थक कांग्रेस नेतृत्व में अभी भी भरे हुए हैं। पोस्ट में कहा गया, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी नक्सलियों के प्रति सहानुभूति को बढ़ावा दे रहे हैं...कांग्रेस-नक्सल गठजोड़ राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए खतरा है। अब समय आ गया है कि कांग्रेस को जवाबदेह ठहराया जाए और इस खतरनाक गठबंधन का पर्दाफाश किया जाए।

भाजपा के आरोप पर कांग्रेस की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

# कांग्रेस विधायक मेवाणी का आरोप गुजरात में शराब और मादक पदार्थ खुलेआम उपलब्ध

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अहमदाबाद/भाषा।** कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-शासित गुजरात के हर हिस्से में शराब और नशीले पदार्थों की बिक्री, जुआ और वेश्यावृत्ति खुलेआम चल रही हैं।

उन्होंने दावा किया कि राज्य में मादक पदार्थों के लिए आवश्यक कच्चे माल का निर्माण करने वाली कंपनियां हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की। उन्होंने यहां कांग्रेस कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''शराब, मादक पदार्थ, वेश्यावृत्ति और जुए के अड्डे गुजरात के 250 तालुकाओं और 33 जिलों में फैले हुए हैं।'' उन्होंने पूछा, ''गुजरात के तटीय क्षेत्र से कुल 64,000 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। इन मादक पदार्थों के आपूर्तिकर्ता और उपयोगकर्ता कौन हैं? इसमें पुलिस और अधिकारियों की कैसी मिलीभगत है?

मेवाणी ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में भारी मात्रा में मादक पदार्थ गुजरात में आए हैं और राज्य में कई मादक पदार्थ-संबंधी विनिर्माण इकाइयां हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस और राज्य सरकार के आशीर्वाद के बिना ये गतिविधियां जारी नहीं रह सकतीं। मेवाणी ने कहा, ''मैं मादक पदार्थों की समस्या पर चर्चा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग करता हूं और सरकार को गुजरात में जब्त किए गए मादक पदार्थों की वास्तविक संख्या बताने वाला एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए।'' उन्होंने यह भी कहा कि स्कूलों, कॉलेजों और छात्रावासों के आसपास नशीली दवाओं की बिक्री बढ़ गई है और इसे ''(महात्मा) गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल के गुजरात के गौरव पर हमला'' बताया। मेवाणी ने कहा कि भाजपा सरकार लोगों की चिंताओं का समाधान करने के बजाय चल रहे ''चिंतन शिविर'' में व्यस्त है।

# पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पुलिसकर्मी, तीन परिजन गिरफ्तार

**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने अपनी 19 वर्षीय पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एक पुलिसकर्मी, उसके माता-पिता और परिवार के एक अन्य सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिसकर्मी बुलढाणा जिले का रहने वाला है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला स्वाति चाते ने 27 नवंबर को मीरा रोड स्थित अपने आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पीड़िता की मां द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, पीड़िता को उसके पति और उसके परिवार के सदस्यों द्वारा लगातार मानसिक और शारीरिक यातनाएं दी जा रही थीं। उसके पति प्रभु चाते को महिला के चरित्र पर भी शक था। उसे यह भी शक था कि उसके अजन्मे बच्चे का पिता कोई और था। शिकायत के अनुसार, स्वाति की शादी इसी साल अप्रैल में प्रभु से हुई थी।

इसके तुरंत बाद उसके पति और ससुराल वालों ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया। उसका पति शराब पीकर घर आता और उसके साथ मारपीट करता।

# एनजीओ ने पालघर ईंट भट्टे पर बंधुआ मजदूरी कर रहे 10 आदिवासी परिवारों को छुड़ाया

**पालघर/भाषा।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में कार्यकर्ताओं के हस्तक्षेप के बाद 10 आदिवासी परिवारों को 'बयाना' व्यवस्था के जरिए ईंट भट्टे पर काम करने से छुड़ा लिया गया। 'बयाना' शब्द गरीब मजदूरों द्वारा किसी काम से पहले उधारदाताओं से लिए अग्रिम भुगतान के लिए इस्तेमाल किया जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अक्सर यही बंधुआ मजदूरी की जड़ होती है क्योंकि कर्ज बढ़ता ही जाता है, जिससे उनके पास इसे पूरी तरह से चुकाने का कोई रास्ता नहीं बचता।

'श्रमजीवी संगठन' के पदाधिकारियों बलराम भोईर और विजय जाधव ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि संगठन के हस्तक्षेप के बाद तकवाहल के रिंजदपाड़ा निवासी 10 कातकरी परिवारों ने ईंट भट्टे के मालिक के साथ जाने से इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि ईंट भट्टा मालिक ने एक हलफनामे पर भी हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें लिखा है कि बंधुआ मजदूरी प्रथा (उन्मूलन) अधिनियम, 1976 के तहत 'बयाना' अवैध है। पदाधिकारियों ने बताया, हलफनामे में अग्रिम राशि माफ करने, कानूनी दरों पर केवल नकद भुगतान, कोई दबाव नहीं, कोई कटौती नहीं और संगठन की निगरानी में पूर्ण पारदर्शिता की गारंटी दी गई है। इसमें शामिल सभी मजदूरों के नाम और पते भी सूचीबद्ध हैं।

# मुंबई 'गैस चैंबर' में तब्दील हो रही है : गायकवाड़



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई 'गैस चैंबर' में तब्दील हो रही है : गायकवाड़

मुंबई/भाषा। महाराष्ट्र की पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता वर्षा गायकवाड़ ने शनिवार को राज्य सरकार पर मुंबई में बिगड़ते वायु प्रदूषण से निपटने में विफल रहने का आरोप लगाया और दावा किया कि पीएम 2.5 का स्तर खतरनाक श्रेणी तक पहुंच गया है और शहर गैस चैंबर में तब्दील हो रहा है।

गायकवाड़ ने वायु गुणवत्ता के मुद्दे पर मुंबई कांग्रेस द्वारा आयोजित एक बैठक में हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक अध्ययन का हवाला दिया, जिसमें अनुमान लगाया गया है कि मुंबई में प्रदूषण के कारण प्रतिवर्ष लगभग 5,100 लोग मरते हैं। उन्होंने कहा, ये सिर्फ संख्याएं नहीं हैं। ये वे परिवार हैं, जो अपने प्रियजनों को खो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्ट महायुति सरकार ठेकेदार पहले, जनता आखिर में मॉडल का पालन कर रही है तथा उन्होंने सुरक्षा उपायों के बिना अनियंत्रित निर्माण, पर्यावरण मानदंडों का उल्लंघन, पसंदीदा बिल्डरों को खुले स्थानों और पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों का आवंटन तथा पेड़ों की कटाई को प्रदूषण के स्तर में वृद्धि का प्रमुख कारक बताया।

# छत्तीसगढ़ में 80% नक्सलवाद खत्म, जल्द ही पूरी तरह खत्म होगा : विजय शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को कहा कि राज्य में लगभग 80 प्रतिशत नक्सलवाद खत्म हो गया है, जबकि शेष 20 प्रतिशत राज्य के पश्चिमी और दक्षिणी इलाकों के कुछ इलाकों तक ही सीमित है। शर्मा ने कहा कि इस खतरे को तय समय में पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है।

छत्तीसगढ़ के गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे उपमुख्यमंत्री ने आज यहां संवाददाताओं से कहा, ''छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद 80 प्रतिशत तक खत्म हो गया है, और सिर्फ 20 प्रतिशत बचा है। यह अबूझमाड़ के पश्चिमी इलाकों, सुकमा और बीजापुर जिलों के दक्षिणी इलाकों के कुछ इलाकों में अभी भी है।'' उन्होंने कहा, ''आज, बस्तर के लोग आखिरकार बिना किसी डर के खुली हवा में सांस ले सकते हैं।''

शर्मा ने भरोसा जताया, ''हालात जल्द ही इतने ठीक हो जाएंगे कि कोई भी शाम को इंद्रावती नदी (जो बस्तर इलाके से होकर बहती है) के किनारे बैठकर एक कप चाय का मजा ले सकेगा।'' उन्होंने कहा कि सरकार को यकीन है कि बस्तर का 'जल, जंगल, ज़मीन' बस्तर के लोगों, खासकर इसके युवाओं का है। उपमुख्यमंत्री ने कहा, ''बस्तर से एक मजबूत आवाज उठ रही है कि बस्तर के युवा खुद इस इलाके का भविष्य तय करेंगे। वे कहते हैं, हम अपने बस्तर का ख्याल रखेंगे। यह गर्व और बहुत खुशी की बात है।''

बस्तर ओलंपिक्स और 'बस्तर पंडुम' में दिखे जोश के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध युवा इस इलाके की कमान संभालने के लिए तैयार हैं।

शर्मा ने कहा कि पंचायतों और ग्राम सभाओं को मजबूत बनाने से जुड़े सभी कानूनी नियम जल्द ही लागू किए जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने तीन बड़े सुरक्षा हॉटस्पॉट – नक्सलवाद, नार्थ-ईस्ट और जम्मू-कश्मीर का स्थायी समाधान दिया है, शर्मा ने कहा, ''मैंने सुना है कि पहली बार केंद्रीय गृह मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया था कि मंत्रालय में नक्सलवाद, नॉर्थ-ईस्ट और जम्मू-कश्मीर के लिए अलग-अलग सेल खत्म कर देने चाहिए, क्योंकि देश के हर हिस्से को एक जैसी तरक्की करनी चाहिए। आप आज नतीजे देख सकते हैं, जम्मू-कश्मीर उस स्थिति पर पहुंच गया है। नॉर्थ-ईस्ट में विद्रोह लगभग खत्म हो गया है, और नक्सलवाद भी खत्म होने की कगार पर है।''

# जम्मू में 'शून्य घुसपैठ' लिए बीएसएफ सतर्क: आईजी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जम्मू/भाषा। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को बताया कि बल जम्मू क्षेत्र में सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ को शतप्रतिशत रोकने के लिए पूरी तरह सतर्क है।

उन्होंने कहा कि बाढ़ से क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण का काम एक महीने के भीतर पूरा कर लिया गया। बीएसएफ के जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक शशांक आनंद ने वार्षिक प्रेस वार्ता में बल की प्रमुख उपलब्धियों और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसकी भूमिका की जानकारी दी।

आनंद ने यह भी कहा कि बल सर्दियों के महीनों के लिए नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित है, जिनमें कोहरे की स्थिति में भी देखने में सक्षम उपकरण शामिल हैं। उन्होंने कहा, ''जम्मू के इस संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र में बीएसएफ वर्ष के 365 दिन और 24 घंटे, दिन हो या रात, सतर्क रहता है चाहे परिस्थितियां और मौसम की स्थिति (बारिश, कोहरा, ठंड या गर्मी) कैसी भी हो। हमें चौकियों को न छोड़ने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।''

आनंद ने बीएसएफ के उप महानिरीक्षक विक्रम कुंवर और कुलवंत राय शर्मा के साथ यहां संवाददाताओं से कहा, ''मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मनों से लड़ते हुए हमारे दो बहादुर सैनिक शहीद हो गए, जबकि सितंबर में हमारा एक बहादुर सैनिक प्रागवाल में अग्रिम चौकी पर तैनाती के दौरान डूब गया, जबकि वह अच्छा तैराक था।



# ''चक्रवात दित्वा'' के कारण तटीय और कावेरी नदी से सटे इलाकों में भारी बारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु तट की ओर बढ़ रहे चक्रवात दित्वा के कारण हुई बारिश ने शनिवार को तटीय क्षेत्रों और कावेरी डेल्टा जिलों में भारी तबाही मचाई। रामनाथपुरम जिले में एक नहर के पास एक पर्यटक वैन फंस गई हालांकि वैन में सवार लोग पिछले दरवाजे से बाहर निकलने में कामयाब रहे। तेज हवा और भारी बारिश के कारण जिला प्रशासन ने लोगों को अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह दी।

एहतियात के तौर पर पर्यटकों को पंबन द्वीप के दक्षिण-पूर्वी सिरे पर स्थित धनुषकोडी की यात्रा न करने की सलाह दी गई है। यह कस्बा 1964 में रामेश्वरम में आए चक्रवात के दौरान तबाह हो गया था। तंजावुर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, तिरुविदैमरुदुर, कुंभकोणम, पापनासम, तिरुवैयारु, पट्टुकोट्टई, कुड्डालोर और चेन्नई के कुछ इलाकों सहित राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। बारिश के कारण संवेदनशील जिलों के प्रशासन को दिन भर के लिए स्कूल बंद करने का आदेश देना पड़ा। रामनाथपुरम और नागपट्टिनम जिलों में तेज हवा व बारिश की सूचना मिली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा, श्रीलंका के तटीय क्षेत्र और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान डिटवा छह घंटों के दौरान आठ किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा और सुबह साढ़े पांच बजे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी श्रीलंका के ऊपर केंद्रित था।

## चक्रवात के कारण पुडुचेरी केंद्रीय विवि ने सभी परीक्षाएं स्थगित कीं

**पुडुचेरी।** चक्रवात 'दित्वा' के केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के तट की ओर बढ़ने के बीच, पुडुचेरी केंद्रीय विश्वविद्यालय ने शनिवार को होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित करने की घोषणा की है और विश्वविद्यालय में सभी कक्षाओं के लिए अवकाश घोषित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार की ओर से शुक्रवार रात को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि चक्रवात और भारी बारिश के बारे में तटरक्षक से मिली जानकारी के कारण परीक्षाएं टाल दी गई हैं और कक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि परीक्षा की नयी तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी।

# सबरीमला श्रद्धालुओं के शवों को ले जाने के लिए एंबुलेंस का इस्तेमाल करें : केरल उच्च न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि/भाषा।** केरल उच्च न्यायालय ने शनिवार को इस बात पर हैरानी और निराशा व्यक्त की कि सबरीमला में सन्निधानम की तीर्थयात्रा के दौरान मरने वाले श्रद्धालुओं के पार्थिव शरीर को स्ट्रेचर पर पंबा तक ले जाया जा रहा है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि इसे तत्काल बंद किया जाए और इसके स्थान पर एम्बुलेंस का इस्तेमाल किया जाए।

उच्च न्यायालय ने कहा कि पैदल पथ का उपयोग करने वाले अन्य तीर्थयात्रियों को कठिनाई और असहज स्थिति से ''बचाने'' और सभी चरणों में मृतक की ''गरिमा और सम्मान सुनिश्चित करने'' के लिए पार्थिव शरीर को ले जाने के लिए एम्बुलेंस का उपयोग किया जाएगा। न्यायमूर्ति राजा विजयराघवन वी और न्यायमूर्ति के वी जयकुमार की पीठ ने सबरीमाला विशेष आयुक्त की रिपोर्ट के बाद यह निर्देश जारी किया, जिसमें मृतक श्रद्धालुओं के पार्थिव शरीर को सन्निधानम से पंबा ले जाने के लिए एम्बुलेंस की आवश्यकता को रेखांकित किया गया था।

विशेष आयुक्त ने कहा था कि वर्तमान में तीर्थयात्रा के दौरान हृदयाघात से मरने वाले श्रद्धालुओं के पार्थिव शरीर को स्ट्रेचर पर सन्निधानम से पंबा ले जाया जाता है। अदालत ने इस मामले में प्रस्तुत तथ्यों पर विचार करने के बाद कहा कि पीठ का मानना था कि त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) को सन्निधानम से पंबा तक पार्थिव शरीर ले जाने के लिए पुरानी एम्बुलेंस का उपयोग करने की अनुमति दी जा सकती है।

पीठ ने कहा,यह व्यवस्था अगले आदेश तक या इस उद्देश्य के लिए अधिक उपयुक्त वाहन उपलब्ध होने तक जारी रहेगी। हम यह स्पष्ट करते हैं कि उक्त एम्बुलेंस का उपयोग केवल उपरोक्त अनुमत उद्देश्य के लिए ही किया जाएगा। अदालत ने कहा कि दो महीने तक चलने वाले वार्षिक 'मंडलम-मकरविलक्कु' तीर्थ यात्रा के दौरान लगभग 150 दिल का दौरा पड़ने की घटनाएं सामने आती हैं, जिनमें से 40-42 की दुर्भाग्यवश मौत हो जाती है।

# केरल के मुख्यमंत्री सबरीमला से सोना गायब होने के मामले में आरोपियों को बचा रहे हैं : चेन्निथला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोझिकोड़/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने शनिवार को मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर सबरीमला से सोना गायब होने के मामले में आरोपियों को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

चेन्निथला ने कहा कि इस घटना से दुनिया भर में भगवान अयप्पा के भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। चेन्निथला ने कहा कि इस मामले में सरकार मुख्य आरोपी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) के पूर्व अध्यक्षों ए पद्मकुमार और एन वासु को विशेष जांच दल (एसआईटी) पहले ही गिरफ्तार कर चुका है, लेकिन वे राजनीति समर्थन के बिना अकेले कुछ नहीं कर सकते।

उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री विजयन सोना गायब होने के मामले में उन्हें और दूसरे आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

# केरल के एक निजी अस्पताल में आग लगी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोझिकोड/भाषा।** केरल के कोझिकोड में एक निजी अस्पताल की नौवीं मंजिल पर भीषण आग लग गई। दमकल विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, आग 'बेबी मेमोरियल' अस्पताल के सी-ब्लॉक में सुबह 9:15 बजे के आसपास लगी।

पुलिस और दमकल अधिकारियों ने बताया कि आग जिस मंजिल पर लगी, वहां एयर कंडिशनर पैनल लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। एक अधिकारी ने बताया कि जब आग लगी, तब उस मंजिल पर रखरखाव का काम जारी था। अस्पताल के अधिकारियों ने तुरंत आग बुझाने की कोशिशें शुरू कर दीं, बाद में दमकल विभाग के कर्मी भी उनके साथ शामिल हो गए।

अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने के लिए दमकल की पांच गाड़ियां तैनात की गई थीं। उन्होंने बताया कि सावधानी बरतते हुए सी-ब्लॉक की सातवीं और आठवीं मंजिल के मरीजों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सुबह 10 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

उन्होंने बताया कि दमकल विभाग के अधिकारियों का मानना है कि आग एसी पैनल से शुरू हुई थी। फिलहाल घटना के सटीक कारण पता लगाने के लिए जांच जारी है। घटना के बाद कोझिकोड के सांसद एम. के. राघवन अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा, आग पूरी तरह से बुझा दी गई है और कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। सौभाग्य से, कोई हताहत नहीं हुआ।

स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज के कार्यालय ने बताया कि उन्होंने अस्पताल अधिकारियों से बातचीत की है। एक बयान में कहा गया है, कोझिकोड मेडिकल कॉलेज को निर्देश दिए गए हैं कि अगर किसी मरीज को स्थानांतरित करने की आवश्यकता पड़े तो गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) और वेंटिलेटर सुविधाएं तैयार रखी जाएं।



# एआई के बाद 'एक्सटेंडेड रियलिटी' अगली प्रमुख प्रौद्योगिकी होगी : विशेषज्ञ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास में 'एक्सपेरिएंशियल टेक्नोलॉजी इनोवेशन सेंटर' (एक्सटीआईसी) ने 'ग्लोबल साउथ' के लिए अपना पहला 'अंतरराष्ट्रीय एक्सटेंडेड रियलिटी' पर संगोष्ठी आयोजित की। 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं।

शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि यह आयोजन एक्सआर प्रौद्योगिकी में भारत को सबसे आगे रखने और 'इमर्सिव सिस्टम्स' (उपयोगकर्ताओं को भौतिक और डिजिटल दुनिया का एक सहज, मिश्रित अनुभव प्रदान कराने वाली प्रणाली) में राष्ट्र के आत्मनिर्भर भारत' के अभियान को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विज्ञप्ति में बताया गया कि इस सम्मेलन में विशेषज्ञों ने घोषणा की है कि एक्सटेंडेड रियलिटी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बाद अगली प्रमुख प्रौद्योगिकी बनने को तैयार है जो कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में क्रांति लाएगी।

विज्ञप्ति के अनुसार, प्रोफेसर एम. मणिवन्नन के नेतृत्व में एक्सटीआईसी अब लागत प्रभावी 'एक्सआर' नवाचार को बढ़ावा दे रहा है और उसने शिक्षा जगत, उद्योग तथा सरकार को एकजुट करने के लिए 'इंडिया एक्सआर कॉरिडोर' की स्थापना का प्रस्ताव रखा है।

# इतिहास संकलन में झूठ उजागर करने के लिए एनईपी 'एक हथियार': केंद्रीय मंत्री



**त्रिशूर (केरल)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) एक ऐसा हथियार है जो इतिहास संकलन में खोखलेपन और झूठ को उजागर कर सकती है और बच्चों को इसके बारे में जागरूक बना सकती है। अपने लोकसभा क्षेत्र में लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान गोपी ने आरोप लगाया कि देश का इतिहास तोड़-मरोड़ कर और गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

अभिनेता से नेता बने गोपी ने किसी का नाम लिए बिना यह भी कहा कि देश के मंदिरों को लूटा गया है और सवाल किया कि धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा उन लोगों पर कैसे लागू होगी जिन्होंने इसे अंजाम दिया है। केंद्र सरकार की एनईपी और पीएम श्री योजना के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, क्या इसकी (इतिहास के तथ्यों की) समीक्षा नहीं होनी चाहिए? राज्य की लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) सरकार इन योजनाओं का कड़ा विरोध कर रही है। मंत्री ने लोगों से यह भी पूछा कि क्या गलत दर्ज ऐतिहासिक तथ्यों को सुधारा नहीं जाना चाहिए और बच्चों को सही संकलित इतिहास पढ़ाया नहीं जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लोगों को पुराने इतिहास के खोखलेपन और झूठ को समझना चाहिए। इसलिए, एनईपी एक ऐसा हथियार है जो इन बातों को उजागर करता है और बच्चों को इसके बारे में जागरूक भी बनाता है।

# आध्यात्मिक शक्तियों से उपचार का दावा करने वाला यूट्यूबर दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

**मलप्पुरम/भाषा।** केरल के मलप्पुरम में आध्यात्मिक शक्तियों से उपचार करने का दावा करने वाले यूट्यूबर को एक महिला का ''यौन शोषण'' करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार यूट्यूबर की पहचान साजिल चेरुपनक्कड़ के रूप में हुई है, जो 'मिरेकल पाथ' नाम से यूट्यूब चैनल संचालित करता है।

इस चैनल पर 27,000 से अधिक सब्सक्राइबर हैं। पुलिस के अनुसार, चेरुपनक्कड़ चमत्कार करने का दावा करता था और उसका यूट्यूब चैनल देखने के बाद कई लोगों ने मदद के लिए उससे संपर्क किया था।

उसने बताया कि शिकायतकर्ता ने यूट्यूबर के वीडियो देखने के बाद उससे दोस्ती की थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी, शिकायतकर्ता के घर पर मिलने गया और उसका कथित तौर पर ''यौन शोषण'' किया। शिकायत के बाद, कोलाथुर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। फरार हुए आरोपी को बाद में नेदुमनगड से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि वह मलप्पुरम के कल्पाकंचेरी थाने में दर्ज दुष्कर्म के एक अन्य मामले में भी आरोपी है। एक अधिकारी ने बताया कि कई अन्य लोगों ने भी पुलिस से संपर्क कर आरोप लगाया कि यूट्यूबर ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# दलित रसोइये को स्कूली बच्चों के लिए खाना बनाने से रोकने पर छह लोगों को सजा

**तिरुपुर।** तमिलनाडु की एक अदालत ने दलित समुदाय की एक महिला को सरकारी स्कूल में बच्चों के लिए खाना बनाने से रोकने के मामले में छह लोगों को दोषी करार देते हुए दो साल कैद की सजा सुनाई है। यह मामला वर्ष 2018 का है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत ने पी पलानीसामी गौंडर, एन शक्तिवेल, आर षणमुगम, सी वेलिंगिरी, ए दुरैसामी और वी सीता लक्ष्मी को जातिगत भेदभाव और अन्य अपराधों के लिए सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अनुसार, जिले के थिरुमलाई गौंडमपलायम स्थित सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रसोइया पी पप्पल (44) को छह लोगों के हाथों भेदभाव का सामना करना पड़ा था। सभी छह लोग बच्चों के अभिभावक हैं। अभिभावकों ने दलित महिला रसोइया के स्कूल के बच्चों के लिए खाना पकाने पर आपत्ति जताई थी। तमिलनाडु अस्पृश्यता उन्मूलन मोर्चा के सदस्यों ने दलित महिला रसोइया के साथ हुए भेदभाव और उसके बाद उनके स्थानांतरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# सिद्दरामय्या, शिवकुमार ने साथ किया नाश्ता, दिखाई एकजुटता

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शनिवार को एक साथ नाश्ता किया। नाश्ते में भले ही इडली और वड़ा रहा हो लेकिन इस मुलाकात से कर्नाटक के दो कद्दावर नेताओं के बीच सत्ता की खींचतान कम होती दिखी। शिवकुमार, सिद्दरामय्या के आवास 'कावेरी' पर नाश्ते के लिए पहुंचे थे, जिसके बाद दोनों नेताओं ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि उनके बीच कोई मतभेद नहीं है और वे भविष्य में भी एकजुट रहेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि वे पार्टी आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे।



वहीं विपक्षी भाजपा और जनता दल (सेक्युलर) ने 'समझौते' पर सवाल उठाया और परोक्ष तौर पर यह संकेत दिया कि कांग्रेस के दोनों नेताओं के बीच महीनों से जारी तनाव के बाद सामान्य स्थिति संभव नहीं हो सकती। राज्य में ढाई साल का कार्यकाल पूरा करने वाली कांग्रेस सरकार को परेशान करने वाले इस मुद्दे पर गतिरोध को खत्म करने के लिए कांग्रेस आलाकमान के कहने पर मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने नाश्ते पर शिवकुमार को मिलने के लिए बुलाया था। वहीं विपक्षी भाजपा ने चेतावनी दी थी कि अगर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के बीच सत्ता को लेकर खींचतान जारी रही तो पार्टी एक अविश्वास प्रस्ताव लाएगी।

सिद्दरामय्या ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''मैंने शिवकुमार के साथ नाश्ते पर मुलाकात की क्योंकि कुछ भ्रम पैदा किया गया था। यह मीडिया द्वारा फैलाया गया था।'' उन्होंने कहा, हमारे बीच कोई मतभेद नहीं हैं। आज भी कोई मतभेद नहीं हैं, भविष्य में भी नहीं होंगे। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि अब से कोई मतभेद ना रहे।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि वे एकजुट हैं और मिलकर 2028 का विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। सिद्दरामय्या ने इस बात पर भी जोर दिया कि कोई भी मंत्री और सत्तारूढ़ पार्टी का विधायक सरकार के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा, ''हम विधानसभा का सामना करेंगे। हमने भाजपा और जनता दल सेक्युलर (जदएस) का सामना करने की रणनीति बना ली है। वे कह रहे हैं कि अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा। अगर वे स्थगन प्रस्ताव लाते हैं तो हम उससे निपटेंगे।'' शिवकुमार ने कहा कि जनता ने कांग्रेस का समर्थन करके उसे सत्ता सौंपी है, इसलिए पार्टी को उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। शिवकुमार ने मुख्यमंत्री के साथ मतभेदों को खारिज करते हुए कहा, ''कोई गुटबाजी नहीं है। हम साथ चलेंगे, सबको साथ लेकर चलेंगे और पार्टी आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे।'' कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने 2028 के विस चुनाव में विपक्षी दलों व बेलगावी में कर्नाटक विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र में यदि भाजपा द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जाता है तो उस स्थिति से निपटने के तरीकों पर भी चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी 2028 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा, ''देश में पार्टी बहुत कठिन दौर से गुजर रही है। हमें अब भी विश्वास है कि कर्नाटक (इसके पुनरुद्धार में) एक प्रमुख भूमिका निभाएगा। और हम 2028 में 2023 की चुनावी जीत दोहराएंगे।''

# अरुणाचल प्रदेश के व्यक्ति की हत्या

**बेंगलूरु।** जेपीनगर पुलिस थाना क्षेत्र में एक प्रवासी युवक की हत्या का मामला सामने आया है। अरुणाचल प्रदेश का रहने वाला तिलकसिंह (33) का यहां किसी ने आधा गला काटकर हत्या कर दी है। जेपीनगर के फर्स्ट स्टेज के सारक्की में रास्ते में एक पेड़ के पास इस बिठाकर हत्यारे फरार हो गए। पता चला है कि एक होटल में काम कर रहे तिलकसिंह की किसी ने हत्या की है। इसके बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही हैं। वहीं इसके परिजनों को अरुणाचल प्रदेश में खबर दे दी गई है।


## सवारी डिब्बा कारखाना

### अभिरूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)

निम्नलिखित अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) ICF की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई हैं। पात्रता और अन्य नियम एवं शर्तों के विवरण के लिए, कृपया वेबसाइट **https://icf.indianrailways.gov.in/→Tender Information→Expression of Interest** देखें।

| क्र. सं. | ईओआई संख्या | कार्य का नाम | जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ICF/D&D/EOI/DD/2025 Dt. 28-11-2025 | अलग किये जा सकने वाले कूड़ेदान का डिजाइन और विकास। | 15-12-2025 को 15.00 बजे तक |

दक्षिण भारत राष्ट्रमत





# जैसलमेर से दिल्ली के बीच नई ट्रेन शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के सीमावर्ती इलाके जैसलमेर को देश की राजधानी नयी दिल्ली से जोड़ने वाली एक नयी ट्रेन सेवा शनिवार से शुरू हो गयी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जैसलमेर में इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना। यह नयी ट्रेन स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस के नाम से चलेगी। अधिकारियों के अनुसार इसका मकसद सीमावर्ती इलाके में आम लोगों की पहुंच को बेहतर बनाना और रणनीतिक आवागमन को सुगम करना है। इस अवसर पर आयोजित समारोह में वैष्णव ने कहा कि यह सेवा आम यात्रियों और इलाके के बड़े रक्षा प्रतिष्ठानों, दोनों की जरूरत पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 55,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

रेल मंत्री ने कहा कि राज्य में अनूपगढ़-खाजूवाला-बीकानेर-जैसलमेर-बाड़मेर कॉरिडोर समेत कई नयी लाइनों पर काम अलग-अलग तकनीकी चरण से गुजर रहा है। वैष्णव ने कहा कि इन जिलों में बेहतर रेल पहुंच का रणनीतिक महत्व है। रेल मंत्री ने कहा कि राजस्थान को रेलवे आवंटन में पिछले एक दशक में बढ़ोतरी हुई है जिससे नयी सेवाएं शुरू करने, पटरियों के नवीकरण के काम और स्टेशन पुनर्विकास में मदद मिली है। जैसलमेर के रेलवे स्टेशन को 140 करोड़ रुपये की लागत से उन्नत बनाया गया है। यह राज्य के उन 85 रेलवे स्टेशनों में से एक है जिन्हें 4,000 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक बनाया जा रहा है। वैष्णव ने कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में रेलवे के विकास ने जबरदस्त रफ्तार पकड़ी है। वर्ष 2014 से पहले राजस्थान को हर साल सिर्फ 680 करोड़ रुपये मिलते थे जबकि अब यह आवंटन लगभग 10,000 करोड़ रुपये का है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के लिए इस नए दैनिक फेरे से स्थानीय पर्यटन अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। शेखावत ने कहा, बेहतर कनेक्टिविटी का सीधा असर लोगों के आने जाने पर पड़ता है।

## युवक युवती पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगाई

जयपुर। जयपुर के मौखमपुरा इलाके में एक युवक और युवती पर कथित तौर पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि बुरी तरह झुलसे युवक एवं युवती का यहां के एसएमएस अस्पताल में इलाज जारी है। इसके अनुसार यह घटना शुक्रवार रात एक गावं की है। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग मदद के लिए दौड़े और पुलिस को बताने से पहले आग बुझा दी। दूदू के पुलिस उपाधीक्षक दीपक खंडेलवाल ने कहा कि पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें एसएमएस भेज दिया गया। उन्होंने कहा, दोनों 60-70 प्रतिशत झुलस गए हैं। हम घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं। खंडेलवाल ने कहा, शुरुआती जांच के आधार पर, कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। मामला रिश्तों के झगड़े से जुड़ा लग रहा है। पीड़ितों की हालत स्थिर होने पर उनके बयान दर्ज किए जाएंगे।

## बदमाशों ने एटीएम से 12 लाख रुपये लूटे

जयपुर। राजस्थान के नागौर जिले में अज्ञात बदमाशों ने शनिवार को एक सार्वजनिक बैंक की स्वचालित गणक मशीन (एटीएम) से 12 लाख रुपये लूट लिये और वहां से भागते समय मशीन में आग लगा दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना पंचोड़ी पुलिस थाने के भेड़ गांव में हुई। इसने बताया कि जब स्थानीय लोगों ने शनिवार सुबह जले हुए एटीएम को देखा तो बैंक और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के 'एटीएम कियोस्क' का शटर बदमाशों ने तोड़ दिया। चौधरी ने बताया, बदमाशों ने गैस कटर से एटीएम को काटा और 12 लाख रुपये लेकर भाग गए। सबूत मिटाने के लिए उन्होंने मशीन में आग लगा दी। पुलिस ने कहा कि बदमाश सीसीटीवी सिस्टम से जुड़ा डीवीआर भी ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अधिकतर हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना

जयपुर। राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में आगामी एक सप्ताह मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है। मौसम केंद्र जयपुर ने शनिवार को यह जानकारी दी। इसके अनुसार, इस समय सबसे न्यूनतम तापमान शेखावाटी क्षेत्र में 8 से 9 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किए जा रहे हैं। शेष अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर व सामान्य के करीब है। मौसम केंद्र के अनुसार, आगामी दो तीन दोनों में तापमान में हल्की गिरावट होने तथा दो से चार दिसंबर को शेखावाटी क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 4-5 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज होने की संभावना है।

## ट्रेलर ने बाइक को कुचला, पिता-बेटी की मौत

उदयपुर। जिले के डबोक थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब 10:20 बजे उदयपुर-चित्तौड़गढ़ सिक्सलेन हाइवे पर दर्दनाक हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को ओवरटेक करते समय टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता और बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार भोपा-मगरी निवासी 46 वर्षीय देवीलाल वसीटा अपनी 11 साल की बेटी देवासी और पत्नी कला वसीटा के साथ बाइक पर उदयपुर से भटेवर की ओर जा रहे थे। एयरपोर्ट के पास ट्रेलर ओवरटेक करने की कोशिश में बाइक से टकरा गया, जिससे देवीलाल और उनकी बेटी ट्रेलर के नीचे आकर कुचल गए। पीछे बैठी कला वसीटा सड़क की दूसरी ओर गिरने से घायल हो गईं। उन्हें एमबी हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद ट्रेलर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर थाने में रखवाया है और ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।सूचना मिलते ही डबोक पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी भिजवाया। हादसे के चलते हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम भी लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मुख्य सचिव ने किया नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस का दौरा

जयपुर। मुख्य सचिव वी.श्रीनिवासन ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के साथ बैठक की तथा बीकानेर हाउस स्थित राज्य सरकार के सभी कार्यालयों की निरीक्षण किया। बैठक में आई.ए.एस. श्रीमती रोली सिंह, राजीव सिंह ठाकुर, श्रीमती मुग्धा सिन्हा, आशुतोष ए.टी.पेडनेकर, भानू प्रकाश येतुरू, डॉ. प्रीतम बी. यशवंत, मुक्तानंद अग्रवाल, गौरव गोयल, अभिमन्यू कुमार और अंशदीप उपस्थित थे। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग और राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर राजस्थान हाउस के निर्माण और उदयपुर हाउस के संबंध में जानकारी ली। मुख्य सचिव ने सभी कार्यालयों के निरीक्षण के समय उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से उनकी कार्यप्रकृति के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर उनके साथ अतिरिक्त आवासीय आयुक्त श्रीमती अंजु ओम प्रकाश, संयुक्त आवासीय आयुक्त श्रीमती रिंकु मीना सहित राज्य सरकार के अधिकारी मौजूद थे।

## एसआईआर को लेकर निर्वाचन आयोग के रवैये से लोगों के मन में चिंता : सचिन पायलट



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर निर्वाचन आयोग पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि इस प्रक्रिया को लेकर आयोग के रवैये से लोगों के मन में चिंता है। पायलट ने आरोप लगाया कि फील्ड स्टाफ पर अनावश्यक दबाव और जल्दबाजी में समयसीमा तय करने से पता चलता है कि प्रक्रिया में कुछ गड़बड़ है। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा, एसआईआर देश में पहले भी कई बार हुआ है। लेकिन कोई चर्चा नहीं होती थी, लोगों के मन में कोई आशंका नहीं रहती थी। पहली बार निर्वाचन आयोग का जो रवैया रहा है। उससे लोगों के मन में चिंता है।

पायलट ने आरोप लगाया कि बिहार में नाम हटाये गये और वर्तमान प्रक्रिया में शामिल अधिकारी भारी दबाव में हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, क्योंकि बिहार में लोगों के नाम काटे गए। कई राज्यों में लोग तनाव में हैं, और कुछ तो इस दबाव के कारण आत्महत्या भी कर रहे हैं। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि कुछ गड़बड़ हो रही है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि निर्वाचन आयोग को निष्पक्ष संस्था के रूप में काम करना चाहिए क्योंकि मतदाता सूची के शुद्धिकरण का काम निर्वाचन आयोग का है, किसी राजनीतिक दल का काम नहीं है।

पायलट ने कहा कि कांग्रेस देश भर में अभियान चला रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी नागरिक अपने मतदान के अधिकार से वंचित न हो। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि गरीब लोग, दलित, आदिवासी और बुजुर्ग जागरुकता की कमी के कारण या किसी के द्वारा उनका नाम हटाने की मंशा के कारण मतदान के अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित न हों। कांग्रेस नेता ने कहा, निर्वाचन आयोग को निष्पक्षता से काम करना चाहिए और यदि विचारधारा, सरकार तथा नेता के दबाव में काम करोगे तो यह जनता और कांग्रेस पार्टी को स्वीकार नहीं होगा।



# वोट चोर-गद्दी छोड़ महारैली की तैयारी : भाजपा, चुनाव आयोग से मिलकर कटवा रही है 25 लाख वोट : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


जयपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 14 दिसंबर, 2025 को दिल्ली में आयोजित होने वाली 'वोट चोर-गद्दी छोड़' महारैली की तैयारियों और प्रदेश में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर अभियान की समीक्षा के लिए आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर सम्पन्न हुई। बैठक में कांग्रेस ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि भाजपा प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने वाले मतदाताओं के नाम काटकर चुनाव में लाभ प्राप्त करना चाहती है। प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने सभी पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली महारैली में राजस्थान की सहभागिता सर्वाधिक होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेश से 50 हजार से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता इस रैली में भाग लेंगे। डोटासरा ने जिलाध्यक्षों और प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अगले तीन दिनों के भीतर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठकें बुलाकर रैली की तैयारियों को अंतिम रूप दें। उन्होंने सभी महत्वपूर्ण कांग्रेसजनों, विधायकों, प्रत्याशियों और पंचायती राज प्रतिनिधियों को व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर आमंत्रित करने का आह्वान किया। डोटासरा ने एसआईआर अभियान को लेकर बड़ी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने देशभर में भाजपा द्वारा चुनाव आयोग से मिलकर की जा रही वोट चोरी को उजागर किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे यह जिम्मेदारी निभाएँ कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम एसआईआर अभियान में न कटे।

डोटासरा ने दावा किया कि चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 27 लाख से ज्यादा मतदाताओं के फॉर्म 'अनकलेक्टेड' बताए गए हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि चुनाव आयोग इस प्रक्रिया के माध्यम से प्रदेश में 25 लाख मतदाताओं के नाम काटने की मंशा रखता है। उन्होंने चेतावनी दी कि चालीस से अधिक विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहाँ 25 हजार से 35 हजार तक मतदाताओं के फॉर्म अनकलेक्टेड दर्शाए जा रहे हैं। इसलिए बहुत ही जिम्मेदारी पूर्वक इन मतदाताओं की समीक्षा और जानकारी कांग्रेस के स्थानीय बीएलए को करनी होगी, अन्यथा भाजपा चुनाव आयोग से मिलकर कांग्रेस के मजबूत स्थानों से मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवा देगी। इसे रोकने का दायित्व सभी कांग्रेसजनों पर है। डोटासरा ने इस अभियान की प्रतिदिन समीक्षा करने और पार्टी के बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) से उनके बूथों पर हो रहे कार्य की रिपोर्ट लेने का निर्देश दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष का दायित्व बहुत महत्वपूर्ण होता है और आज देश का लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने कहा, देश किस दिशा में जा रहा है, यह किसी को नहीं पता, इसलिए लोकतंत्र की रक्षा हेतु सभी कांग्रेसजनों को एकजुट होकर लोकतंत्र बचाने की इस लड़ाई में शामिल होना पड़ेगा।

एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि सभी कांग्रेसजनों को अपने मतदाताओं के वोट के अधिकार की रक्षा करनी होगी, क्योंकि यदि मतदाताओं के नाम ही वोटर लिस्ट से कट गए तो चुनावों में कुछ हासिल नहीं होगा। राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने कांग्रेसजनों को अनुशासन के साथ कार्य करने और भाजपा के तानाशाही शासन से देश को मुक्त करवाने की लड़ाई में जुटने का आह्वान किया। बैठक में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, एआईसीसी सचिव चिरंजीवी राव एवं सुपूनम पासवान, और धीरज गुर्जर सहित प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष और अग्रिम संगठनों के प्रमुख शामिल रहे।

## कांग्रेस एसआईआर से भयभीत, जनता को भ्रमित करने का कर रही प्रयास : सुमित गोदारा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर,। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर की गई बयानबाजी एवं भ्रामक आरोपों का करारा जवाब दिया है। गोदारा ने तथ्यों के साथ अपनी बात रखते हुए कहा कि कांग्रेस देश की जनता का विश्वास और जनाधार पूरी तरह खो चुकी है। इसका प्रमाण हमें हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली और बिहार में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजों से स्पष्ट रूप से मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस चुनाव हारने पर ईवीएम का राग अलापती थी और संवैधानिक संस्थाओं पर सवालिया निशान लगाती थी, मगर सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्टीकरण के बाद अब कांग्रेस और उसके सहयोगी दल एसआईआर को लेकर भ्रामक बयानबाजी करने लग गए हैं। कांग्रेस को इस देश के नागरिकों की नहीं बल्कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या जैसे घुसपैठियों की चिंता सता रही है। कांग्रेस करें बिहार चुनाव में करारी हार की समीक्षा गोदारा ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस को एसआईआर पर भ्रामक राजनीति करने के बजाय बिहार चुनाव में मिली करारी हार की समीक्षा करनी चाहिए। देश की जनता कांग्रेस के नहीं, बल्कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके विकास कार्यों के साथ है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि एसआईआर का एकमात्र उद्देश्य निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करना है। इससे मतदाता सूची और अधिक शुद्ध बनेगी तथा मृतक, प्रवासी, गलत पत्ते और दोहरी प्रविष्टियों वाले लोग हट जाएंगे और सिर्फ पात्र मतदाता ही सूची में रहेंगे। गोदारा ने आरोप लगाया कि एसआईआर से कांग्रेस को जो डर सता रहा है, वह नाम जुड़ने का नहीं बल्कि कांग्रेस के फर्जी वोटरों के नाम कटने का है। एसआईआर अपात्र मतदाताओं को हटाने और अनियमितताओं पर रोक लगाने का एक मजबूत जरिया है। उन्होंने आमजन से एसआईआर प्रक्रिया में अधिक से अधिक सहयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की।



# घुमंतु जाति रोजगार मेले में दिया कुमारी ने किया रोजगार के संसाधनों का वितरण

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर के जयसिंहपुर खोर क्षेत्र में घुमंतु जाति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित घुमंतु जाति रोजगार मेले में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने घुमंतु समाज के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक रोजगार संसाधनों का वितरण किया और सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिया कुमारी ने कहा कि घुमंतु समाज को रोजगार के माध्यम से अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर मिलना बेहद खुशी की बात है। उन्होंने कहा, मैं आपके परिवार की सदस्य हूँ और आपके लिए जो भी संभव होगा, हमेशा पूरा प्रयास करूंगी। आने वाले बजट में भी ऐसी अनेक योजनाएँ लाने का प्रयास रहेगा जिससे समाज के लोगों को अधिक लाभ मिल सके। उपमुख्यमंत्री ने भामाशाहों और विदेशों में रहने वाले भारतीयों से भी आह्वान किया कि वे घुमंतु परिवारों के सहयोग के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर संकल्प लें कि एक-दूसरे का सहयोग करके समाज को विकसित और सशक्त बनाएं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीब और वंचित परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज के हर व्यक्ति को अपना दायित्व निभाना चाहिए।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस मेले को समाज के प्रत्येक परिवार को आत्मनिर्भर, सशक्त और मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आज प्रदान किए गए संसाधन घुमंतू समाज के लोगों के जीवन में नए अवसरों के द्वार खोलेंगे।



## पंजाब के राज्यपाल कटारिया ने चित्तौड़गढ़ जिले में किया भक्ति-शिरोमणि बालाजी मंदिर का भूमि पूजन

जयपुर। पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ प्रशासक गुलाबचन्द कटारिया के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को चित्तौड़गढ़ जिले की भदेसर पंचायत समिति के अंतर्गत गरदाना ग्राम पंचायत के मिन्नाणा गाँव स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बालाजी मंदिर की भूमि का पूजन किया गया।

इस दौरान राज्यपाल कटारिया ने कहा कि वर्तमान में देश में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, अब हर जिले में मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं, गांव-गांव तक सड़कें, स्वास्थ्य एवं आधारभूत सुविधाएं पहुंच रही हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का निःशुल्क इलाज हो रहा है, तथा आयुष्मान कार्ड योजना से लाखों परिवारों को निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है।

इसके अलावा, केंद्र एवं राज्य सरकार की अनेक योजनाओं के तहत किसानों तथा ग्रामीणों के खातों में प्रत्यक्ष लाभ पहुँच रहा है, जिससे देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि दूर-दूर से श्रद्धालु प्रसिद्ध श्रद्धास्थल सांवलिया जी धाम में दर्शन के लिए आते हैं, और इस मंदिर के विकास से क्षेत्र की धार्मिक व सामाजिक पहचान और मजबूत होगी।

# सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शुभांकर के वीडियो से पुरी में विवाद, एसजेटीए ने जांच समिति गठित की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुरी/भाषा।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने शनिवार को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शुभंकर मिश्रा द्वारा प्रसारित वीडियो की जांच के लिए एक समिति गठित की, जिसमें जनता से 12वीं शताब्दी के मंदिर से संबंधित जानकारी प्रसारित करने से पहले तथ्यों की पुष्टि करने का आग्रह किया गया है।

एसजेटीए की उप मुख्य प्रशासक की भूमिका निभा रहे जिलाधिकारी दिव्य ज्योति परिदा ने कहा कि यह कदम मिश्रा के यूट्यूब पोस्ट पर व्यापक आक्रोश के बाद उठाया गया है।

वीडियो में कथित तौर पर दावा किया गया है कि राधा रानी के कथित 'शाप' के कारण मंदिर में आने वाले अविवाहित जोड़ों को ब्रेकअप का सामना करना पड़ सकता है। वीडियो में यह भी दावा किया गया है कि राधा रानी को मंदिर के सेवायतों ने प्रवेश करने से मना कर दिया था और मंदिर को शाप दिया था। हालांकि, 'पीटीआई-भाषा' स्वतंत्र रूप से वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता।

परिदा ने इंफ्लुएंसर या उसके वीडियो का नाम लिए बिना कहा, ''वीडियो हमारे संज्ञान में आया है और एक समिति इसकी जांच कर रही है। प्रशासन गलत सूचना, अफवाहें फैलाने या मंदिर के बारे में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कदम उठा रहा है। जो लोग ऐसी सामग्री प्रसारित करेंगे, उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।''

# बिना चिंता कराएं इलाज, सरकार करेगी भरपूर आर्थिक मदद : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गोरखपुर/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वासन दिया कि वे बिना किसी चिंता के इलाज कराएं, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री ने गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वह बिना किसी चिंता के बेहतर अस्पतालों में इलाज कराएं, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी। योगी ने कहा कि ऐसे लोगों के उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था राज्य सरकार करेगी।

योगी ने इसे लेकर अधिकारियों को निर्देश भी दिया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके अनुमानित खर्च की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद शनिवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित सभा में प्रत्येक व्यक्ति की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को सौंपे। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने की आवश्यकता नहीं है, प्रत्येक समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े।



# भारत 2047 में एक महाशक्ति होगा जिसमें अंतरिक्ष प्रोद्यौगिकी का बड़ा योगदान होगा : सोमनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देहरादून/भाषा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ ने कहा कि 2047 का विकसित भारत एक महाशक्ति के रूप में उभरेगा जिसमें अंतरिक्ष प्रोद्यौगिकी और विनिर्माण क्षेत्र का बड़ा योगदान होगा।

सोमनाथ ने शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 71 वें अधिवेशन का उदघाटन करते हुए कहा, ''भारत 2047 में एक महाशक्ति होगा और दुनिया में अंतरिक्ष प्राद्यौगिकी और विनिर्माण क्षेत्र में प्रमुख आपूर्तिकर्ता होगा।'' इसरो के पूर्व प्रमुख ने कहा कि विज्ञान और अध्यात्म सह अस्तित्व में रह सकते हैं जैसे आस्था और वास्तविकता एक दूसरे के पूरक हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने गणित, खगोलविज्ञान, धातु विज्ञान, वास्तुकला और चिकित्सा क्षेत्र में अन्वेषण किया व हमारे आध्यात्मिक विषय में आधुनिक विज्ञान की अंतर्दृष्टि निहित है। सोमनाथ ने कहा कि सब जानते हैं कि भारत आगे बढ़ रहा है जिससे लोगों में एक नया विश्वास उभर रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि भारत को विश्व में एक अलग नजरिए देखा जा रहा है और यह इसलिए भी संभव हुआ है क्योंकि हम लोकतांत्रिक स्थिरता के स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि आज का भारत युवाशक्ति का भारत है जिसमें 25 प्रतिशत आबादी युवाओं की है और अगले 25 साल तक यही स्थिति रहेगी और यह हमारे लिए एक लाभ की स्थिति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि अब सरकार परमाणु क्षेत्र में भी निजी उद्यमियों को अनुमति देने जा रही है जिससे युवाओं के लिए एक नया अवसर पैदा होगा।

# भाजपा ने 'आरोप पत्र' जारी किया, 'वादे पूरे नहीं करने' के लिए झामुमो सरकार की आलोचना की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई ने शनिवार को 22 पृष्ठों का आरोप पत्र जारी किया, जिसमें झामुमो नीत गठबंधन सरकार पर जनता से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया गया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार के दूसरे कार्यकाल की पहली सालगिरह के एक दिन बाद आरोप पत्र जारी करते हुए आरोप लगाया कि 'इंडिया' गठबंधन (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) ने लोगों को सात गारंटी दी थीं, लेकिन अब तक एक भी गारंटी पूरी नहीं की गई है।

मरांडी ने आरोप लगाया, ''सरकार ने मूलनिवासी आधारित रोजगार नीति का वादा किया था। पिछले छह सालों से वह लोगों को धोखा दे रही है, लेकिन ऐसी कोई नीति नहीं बनाई गई।'' उन्होंने कहा कि सरकार ने 10 लाख नौकरियां देने की गारंटी दी थी, लेकिन वह कुछ हजार नौकरियां देकर अपनी पीठ थपथपा रही है।

मरांडी ने दावा किया, ''सरकार ने 450 रुपए में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने और किसानों से 3,200 रुपए में धान खरीदने की गारंटी दी थी। दोनों ही गारंटी पूरी नहीं हुईं।''

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले छह वर्षों में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के दौरान राज्य में शराब, भर्ती और निविदाओं से जुड़े कई घोटाले हुए।

हेमंत सोरेन सरकार ने शुक्रवार को अपने मौजूदा कार्यकाल का एक वर्ष पूरा किया। सोरेन पिछले साल 28 नवंबर को झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

# न्यायाधीशों का काम तनावपूर्ण, मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेना जरूरी : प्रधान न्यायाधीश



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि न्यायाधीशों का काम घंटों लंबा होने के साथ-साथ अत्यंत तनावपूर्ण होता है जिसके लिए उन्हें अवकाश के दौरान स्वयं को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। 'अखिल भारतीय न्यायाधीश बैडमिंटन चैंपियनशिप' के उद्घाटन समारोह में मीडिया से बात करते हुए सीजेआई ने कहा कि न्यायधीशों को अपनी उम्र के हिसाब से मनोरंजन गतिविधियों में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा, न्यायाधीशों के काम के घंटे लंबे होते हैं और उनके काम का स्वरूप बहुत तनावपूर्ण होता है। बैठने के घंटे भी लंबे होते हैं। सभी न्यायाधीशों को किसी मनोरंजक गतिविधि में हिस्सा लेना चाहिए और इसे अपनी आदत बना लेनी चाहिए। उन्हें खुद को तरोताजा करने के लिए मनोरंजन की जरूरत होती है।

सीजेआई कांत ने कहा, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बड़ी संख्या में इस समारोह में हिस्सा ले रहे हैं। इससे पता चलता है कि वे अपने स्वास्थ्य और भलाई को लेकर सचेत हैं।

इस समारोह में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश मौजूद थे।

# नक्सल-मुक्त भारत अब सिर्फ लक्ष्य नहीं, हकीकत बनता भविष्य है : मौर्य



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का हाथ, नक्सलवाद के साथ है, लेकिन नक्सल-मुक्त भारत अब सिर्फ लक्ष्य नहीं, हकीकत बनता भविष्य है।

उपमुख्यमंत्री मौर्य ने अपने आधिकारिक ''एक्स'' खाते पर एक पोस्ट में कहा, ''कांग्रेस का हाथ, नक्सलवाद के साथ, दशकों तक कांग्रेस की ढुलमुल नीतियों और वैचारिक ढील ने 'लाल आतंक' को पनपने दिया।'' उन्होंने कहा कि ''पशुपति से तिरुपति तक तथाकथित 'लाल गलियारा' बनाने का सपना देखने वाले नक्सलियों को राजनीतिक संरक्षण और वैचारिक ऑक्सीजन मिलती रही और देश विकास की राह में पीछे धकेला जाता रहा।''

मौर्य ने कहा, ''लेकिन, अब हालात बदल चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के निर्णायक नेतृत्व में स्पष्ट नीति, आक्रामक सुरक्षा अभियान और विकास-केन्द्रित मॉडल ने नक्सलवाद की रीढ़ तोड़ दी है।''

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, '' जहां कभी 'लाल सलाम' सुनाई देता था वहां आज सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र के साथ 'वंदे मातरम' की गूंज सुनाई दे रही है। कांग्रेस के समय में कई जिलों में फैला लाल आतंक अब चंद इलाकों तक सिमट चुका है और नक्सल-मुक्त भारत अब सिर्फ लक्ष्य नहीं, हकीकत बनता भविष्य है।''

# तस्करी के लिए म्यांमा के लोगों ने भारतीयों के जीएसटी प्रमाण-पत्रों का 'दुरुपयोग' किया: ईडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि सीमा पार मादक पदार्थों की तस्करी के एक गिरोह की जांच में पाया गया कि म्यांमा के नागरिकों ने मादक पदार्थों के निर्माण में आवश्यक कच्चे माल की खरीद को आसान बनाने के लिए भारतीयों की जीएसटी प्रमाण पत्रों का 'दुरुपयोग' किया।

जांच एजेंसी ने मिजोरम में मादक पदार्थों की तस्करी के एक मामले में धन शोधन का मामला दर्ज होने के बाद 27 नवंबर को भारत-म्यांमा सीमा पर पहली बार छापेमारी की थी। मिजोरम के आइजोल व चम्फाई (भारत-म्यांमा सीमा पर स्थित), असम के श्रीभूमि (करीमगंज) और गुजरात के अहमदाबाद में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापे मारे गए। भारत अपने पूर्वी हिस्से में म्यांमा के साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। प्रवर्तन निदेशालय ने जारी बयान में बताया कि छापेमारी के दौरान मिले सबूतों से पता चला कि भारतीयों ने म्यांमा के नागरिकों से 'स्यूडोएफेड्रिन' गोलियां और 'कैफीन एनहाइड्रस' खरीदे, जिससे धन शोधन के अलावा सीमा पार मादक पदार्थों का उत्पादन और तस्करी भी संभव हुई। जांच में पाया गया कि म्यांमा के नागरिकों ने 'मेथामफेटामाइन टैबलेट' के निर्माण के लिए आवश्यक कच्चे माल की खरीद को आसान बनाने के लिए भारतीय नागरिकों की जीएसटी जानकारियों का 'दुरुपयोग' किया।

# पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने राजभवन का नाम बदलकर लोकभवन किया

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने केंद्र सरकार के एक निर्देश को लागू करते हुए शनिवार को कोलकाता में स्थित राज भवन का नाम बदलकर 'लोक भवन' कर दिया। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है, गृह मंत्रालय के 25.11.2025 के पत्र के अनुरूप, यह अधिसूचित किया जाता है कि कोलकाता के 'राज भवन', फ्लैगस्टाफ हाउस और दार्जिलिंग में स्थित राज भवन परिसरों का नाम संशोधित करके 'लोक भवन' कर दिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

राज भवन, जिसे अब लोक भवन नाम दिया गया है, राज्यपाल का आधिकारिक आवास और कार्यालय है।

# एसआईआर के बहाने वोट डालने का अधिकार छीन रही है भाजपा सरकार : अखिलेश यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और निर्वाचन आयोग पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए शनिवार को दावा किया कि सरकार मतदाता सूची के एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के बहाने वोट डालने का अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है।

यादव ने एसआईआर अभियान के दौरान ड्यूटीरत एक बीएलओ की कथित तौर पर मस्तिष्काघात से मौत के बाद उसके परिजनों को दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के बाद सपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

यादव ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाते हुए कहा, ''ये (एसआईआर) सोची समझी साजिश है, रणनीति है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के दिए हुए संविधान के तहत हमें जो वोट डालने का अधिकार है, उस अधिकार को छीनने की तैयारी है।'' उन्होंने कहा, ''ये (केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग) एसआईआर के बहाने वोट डालने का अधिकार छीन रहे हैं। आरक्षण, आपकी पहचान छीनेंगे और आपके ऊपर उल्टे सीधे दबाव बनाएंगे।''

सपा प्रमुख ने 14 नवंबर को मस्तिष्काघात से मृत बीएलओ विजय कुमार वर्मा का जिक्र करते हुए ये गंभीर आरोप लगाए। यादव ने कहा कि सरकार के लोग इस बात का दबाव बना रहे हैं कि वह (बीएलओ) ड्यूटी में ही नहीं थे और पहले से ही बीमार थे। बीएलओ वर्मा के परिजनों ने मीडिया के सामने कहा कि '' वे (वर्मा) शिक्षा मित्र थे, उनकी ड्यूटी बीएलओ में लगाई गई थी। उन्हें मस्तिष्काघात हुआ 14 तारीख को और उस दिन वह काम पर गए थे। रात में 11 बजे बैठकर अपना काम कर रहे थे, तभी कुर्सी से गिरे और हम लोग उन्हें अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने बताया कि मस्तिष्काघात हुआ है।'' मृतक की पत्नी ने आरोप लगाते हुए सवाल उठाया कि ''एक अधिकारी ने कहा कि वह पहले से कार्यमुक्त थे, जब 14 तारीख को कार्य किया तो कार्यमुक्त कैसे हो गए। प्रशासन की तरफ से कोई मदद भी नहीं मिली और झूठा आरोप लगा रहे हैं।''

# तेजस्वी को बिहार विधानमंडल में महागठबंधन का नेता चुना गया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार में विपक्षी महागठबंधन के विधायकों ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव को शनिवार को सर्वसम्मति से राज्य विधानमंडल में गठबंधन का नेता चुना।

यह निर्णय सोमवार से विधानमंडल के शुरू हो रहे पांच दिवसीय सत्र से पहले यादव द्वारा आयोजित एक बैठक में लिया गया। इस सत्र के दौरान 243 सदस्यीय विधानसभा के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा, ''तेजस्वी यादव को राज्य विधानमंडल में महागठबंधन का नेता चुना गया है। निश्चित रूप से, वह विधानसभा में हमारी पार्टी के नेता भी होंगे। कांग्रेस के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) एवं पार्टी की प्रदेश इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष समीर कुमार सिंह ने कहा, तेजस्वी यादव पर फैसला सर्वसम्मति से लिया गया। हमारे पास पर्याप्त संख्या बल है और वह विपक्ष के नेता भी होंगे।

हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ा, जिसमें सत्तारूढ़ राजग ने 202 सीट जीतकर सत्ता बरकरार रखी। सिंह ने कहा, बैठक में, विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्यों ने चुनाव कराने के तरीके पर चिंता जतायी। ये स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं थे। पहले बिहार में आयोजित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) एक संदिग्ध प्रक्रिया बनी हुई है।

# ओडिशा के अनुपूरक बजट में दूरदर्शिता का अभाव : नवीन पटनायक



**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के नेता प्रतिपक्ष नवीन पटनायक ने शनिवार को दावा किया कि राज्य के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी द्वारा पेश किए गए अनुपूरक बजट में दूरदर्शिता का अभाव है और यह राज्य को राजकोषीय घाटे की स्थिति में ले जाएगा। माझी ने शुक्रवार को विधानसभा में 17,440 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया। पटनायक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''विधानसभा में पेश किया गया भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) सरकार का अनुपूरक बजट लोगों की उम्मीदों पर पानी फेरने वाला है। इसमें बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए कोई बड़ी योजना नहीं है और न ही कोई दूरदृष्टि दिखाई देती है।'' प्रशासनिक व्यय में कटौती की जा रही है और ओडिशा पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। पटनायक ने कहा, ''निर्माण विभाग और कुछ शहरी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए आवंटित 900 करोड़ रुपए के अलावा अनुपूरक बजट में कुछ भी नहीं है।''

# प्रणील ने आईटीएफ विश्व जूनियर टेनिस टूर में दो खिताब जीते

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रणील शर्मा ने आईटीएफ विश्व जूनियर टेनिस टूर जे100 टूर्नामेंट में एकल और युगल स्पर्धाओं में दो खिताब जीतकर यादगार प्रदर्शन किया जिससे राउंडग्लास टेनिस अकादमी ने शनिवार को यहां डीएलटीए स्टेडियम में जीत हासिल की। पांचवें वरीय प्रणील ने लड़कों के एकल फाइनल में अकादमी के साथी खिलाड़ी और तीसरे वरीय आश्वव्य मेहरा को 6-3, 1-6, 7-6 (8-6) से हराया। इसके बाद उन्होंने आदित्य मोर के साथ जोड़ी बनाकर तविश पाहवा और समर्थ सहिता की शीर्ष वरीय जोड़ी को सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से हरा युगल खिताब हासिल किया।

# ऐसा लगता है जैसे भारत के पास टेस्ट क्रिकेट के लिए कोई ऑफ स्पिनर नहीं है : हरभजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** दक्षिण अफ्रीका से हाल में खत्म हुई टेस्ट श्रृंखला में हारने के बाद महान स्पिनर हरभजन सिंह को लगा कि भारतीय टीम के पास पांच दिन के मैच के लिए कोई विशेषज्ञ ऑफ-स्पिनर ही नहीं है और उन्होंने वाशिंगटन सुंदर का कार्यभार बढ़ाने की बात कही।

आर अश्विन के संन्यास के बाद एसईएनए देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) के खिलाफ पहली घरेलू श्रृंखला में भारत के स्पिनर दक्षिण अफ्रीका के सामने कमजोर पड़ गए। मेहमान टीम के स्पिनरों ने दो टेस्ट में 25 विकेट हासिल किए। हरभजन से जब पूछा गया कि क्या भारत के पास दाएं हाथ का कोई विशेषज्ञ स्पिनर नहीं है तो उन्होंने जवाब में 'पीटीआई' से कहा, ''ऐसा ही लगता है। '' हरभजन ने कहा कि तमिलनाडु के ऑलराउंडर वाशिंगटन को एक विशेषज्ञ दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर के तौर पर खुद को स्थापित करने और ऑलराउंड कौशल के मामले में अश्विन की तरह बनने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है। भारतीय स्पिनरों में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले हरभजन ने यहां एक कार्यक्रम के मौके पर कहा, ''मुझे लगता है कि वॉशिंगटन सुंदर हैं, लेकिन हमें उनसे ज्यादा गेंदबाजी करवानी होगी। उन्हें एक टेस्ट मैच में 30-35 ओवर तक गेंदबाजी करवानी होगी, तभी जाकर वह एक गेंदबाज बन पाएंगे। '' उन्हें लगता है कि भारत को घरेलू टेस्ट मैचों के लिए टर्निंग पिच देने की आदत छोड़नी होगी। उन्होंने कहा, ''जिस तरह की पिचों पर हम खेल रहे हैं, उनमें किसी को गेंदबाज बनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि हर गेंद स्पिन होती है या कुछ सीधी हो जाती है। '' हरभजन ने कहा, ''एक गेंदबाज को तभी अच्छा माना जा सकता है जब वह अच्छी पिचों पर विकेट लेता है। '' उन्होंने कहा कि भारत के लिए अच्छी पिचें तैयार करना शुरू करने का यह सही समय है क्योंकि देश में टेस्ट क्रिकेटरों का विकास घरेलू मैदान पर टर्निंग पिचों पर खेलने की वजह से रुक गया। उन्होंने कहा, ''हमें अच्छी पिचों पर खेलना चाहिए, यही सही समय है।''

# 'मेरे पास भारत की स्पिन के खिलाफ परेशानी का कोई पक्का जवाब नहीं है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** कार्यवाहक वनडे कप्तान केएल राहुल ने शनिवार को स्वीकार किया कि उनकी टीम की स्पिन के खिलाफ लगातार संघर्ष करना विशेषकर घरेलू पिचों पर, चिंता का विषय है लेकिन उनके पास भारत की पारंपरिक रूप से मजबूती में आई गिरावट का कोई जवाब नहीं है।

उनकी यह टिप्पणी पिछले दो सत्र में टेस्ट क्रिकेट में घरेलू पिचों पर स्पिनरों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजी लाइन-अप के बार-बार कमजोर पड़ने के चिंताजनक पैटर्न के बीच आई है जिसमें कभी भारत का दबदबा हुआ करता था।

न्यूजीलैंड ने 2024 में और फिर दक्षिण अफ्रीका ने हाल में भारत को क्रमश: 3-0 और 2-0 से हराया। राहुल ने कहा, ''हमने पिछले कुछ सत्र में स्पिन अच्छी तरह नहीं खेली है। मुझे सच में नहीं पता कि हम पहले क्यों कर पाते थे और अब क्यों नहीं कर पा रहे। मेरे पास कोई निश्चित जवाब नहीं है। हम बस इतना कर सकते हैं कि व्यक्तिगत रूप से और बतौर बल्लेबाजी समूह यह देखें कि कैसे बेहतर हो सकते हैं। '' उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों को तकनीकी और रणनीतिक बदलावों की तलाश करनी होगी और यह एक लंबी प्रक्रिया होगी। राहुल ने कहा, ''यह रातोंरात नहीं बदलने वाला। हम सुधार की जरूरतों को देखेंगे और उम्मीद है कि श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया शृंखला तक हम बेहतर तरीके से तैयार रहेंगे। हम उन सीनियर खिलाड़ियों से भी सलाह लेंगे जिन्होंने स्पिन बहुत अच्छी तरह खेली है। ''

इसी पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने हाल में कहा था कि स्पिन के खिलाफ भारत की लचर बल्लेबाजी ने उन्हें शायद दुनिया की सबसे कमजोर स्पिन खेलने वाली टीमों में से एक बना दिया है। राहुल ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों को व्यक्तिगत तौर पर जवाब ढूंढ़ने होंगे और अगर वे स्पिन के खिलाफ अपनी पारंपरिक बढ़त वापस पाना चाहते हैं, तो अपनी तकनीक में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी तक रांची की पिच का मुआयना नहीं किया है लेकिन पिछले वनडे के आधार पर बल्लेबाजी के लिए अच्छे विकेट की उम्मीद है। उन्होंने कहा, ''इतिहास देखें तो यह रन बनाने वाली पिच है। हम कल इसका आकलन करेंगे और ऐसी टीम चुनेंगे जो हमें जीतने का सबसे अच्छा मौका दे।''

## सुविचार

कर्म कभी न कभी जरूर सामने आता है, जैसा करोगे, वैसा ही भरोगे।

## ट्वीट

जैसलमेर की गड़ीसर झील का परिदृश्य मुझे बहुत मनोरम लगता है। यहाँ प्रकृति से साथ विरासत का तालमेल दिखाते मंदिर और घाट हैं, बलुआ पत्थर जिनकी सुंदरता को चार चाँद लगाते हैं, वहीं झील किनारे सूर्योदय के दृश्य डेजर्ट टूरिज़्म की एक अद्भुत छटा प्रस्तुत करते हैं।

-गजेन्द्रसिंह शेखावत



जयसिंहपुर खोर क्षेत्र में घुमंतु जाति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित घुमंतु जाति रोजगार मेला में सम्मिलित होकर घुमंतु समाज के बंधुओं के बेहतर भविष्य और सम्मानजनक जीवनयापन के लिए आवश्यक रोजगार संसाधनों का वितरण कर सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

-दिया कुमारी



## कहानी

महेन्द्र तिवारी
मोबाइल : 9989703240

# नचदेखवा



दोपहर को खबर उड़ी कि पास के गाँव में बहुत बड़ी नाच पार्टी आ रही है। यह समाचार सुनते ही हमारी लालसा जैसे सीने से उछलकर बाहर आने लगी। हमारी मंडली में पाँच-छ: सक्रिय लड़के थे। उनमें से किसी को भी अगर किसी नाच की जानकारी होती तो वह बात सबको खबर कर दी जाती थी। बिजली, तारा, चाँद-सितारा, चम्पा बाई-ये सिर्फ नाम नहीं, बल्कि उस दौर के युवाओं के दिलों की धड़कनें होती थीं। ऐसा नहीं कि नाच में सिर्फ वेश्याओं का ही कब्ज़ा था, बल्कि लौंडा भी अपनी धाक जमाये हुए थे। ये वो छरहरे, सुंदर नौजवान युवक होते थे, जो स्त्री-वेश धारण कर जब मंच पर आते, तो उनकी कमनीयता देखकर असली स्त्रियाँ भी ईर्ष्या कर बैठें। उनके नाच में एक अलग ही ऊर्जा होती थी। वे जब उछलकर और अपनी कमर को विशेष लय में लहराकर नाचते थे, तो शामियाने में बैठी भीड़ 'वाह-वाह' कर उठती थी। खेत से घर आते ही मुलन भैया ने यह खबर सबको दी। चलो, आज पसउर चलते हैं। बिजली रानी आ रही है।

घरवालों की नज़रों से बचते-बचाते हमने अपनी रणनीति बनाई। जैसे ही गाँव के आखिरी मकान से लालटेन की लौ बुझी और कोठरी में बुझे हुए चिरागों का धुआँ बाहर आया, हम अपने कंबल सिरहाने छोड़कर चोरों की तरह दरवाजे के बाहर निकल गए। गाँव के चौरे पर लगे विशाल बरगद के नीचे हम सब जमा होने लग गए। हवा में पत्तियों का हिलना भी किसी साजिश का हिस्सा लगता था। रामाशंकर अपने हाथ में लम्बी वाली टॉर्च लिए था जिसमें डोरी लगी हुई थी। यह वही टॉर्च था जो उसके चाचा ने उसे पिछले हफ्ते खेत से सियार भगाने के लिए दी थी। गुड्डू ने लाठी थाम रखी थी और मैं सबके पीछे-पीछे चल रहा था।

हम पगडंडी पकड़कर पसउर की ओर चल पड़े। रास्ते के दोनों ओर अरहर के खेत जैसे रात में भी किसी रहस्य की रखवाली कर रहे हों। कभी दूर कहीं सियार की हुआँ-हुआँ सुनाई देती थी, तो कभी किसी अनदेखे पंख का फड़फड़ाना हमारी धड़कनों को बढ़ा देता था। लेकिन नाच का लत ऐसा था कि डर भी लाचार हो जाए। जैसे-तैसे हम पसउर की सीमा के करीब पहुँच गए थे। दूर से ही पेट्रोमैक्स और हैलोजन की दूधिया रोशनी से नहाया हुआ शामियाना दिखाई देने लगा था। लाउडस्पीकर से नाच के शुरू होने की आवाज़ हमारे कानों तक पहुँच रही थी। हमारे कदमों की रफ्तार बढ़ गई थी। उत्साह अपने चरम पर था। बस कुछ मिनटों की दूरी और फिर हम उस मनोरंजक क्षण का आनंद लेनेवाले थे।

जैसे ही हम गाँव के बाहरी छोर पर पहुँचे, अचानक संगीत की आवाज दब गई और उसकी जगह कोलाहल ने ले ली। चोर-डकैत.पकड़ो.मारो।, ये आवाजें रात के सन्नाटे को चीरती हुई गूंज उठी। हम कुछ समझ पाते, उससे पहले ही हमने देखा कि गाँव की गलियों से लोग चीखते-चिल्लाते हमारी तरफ भागे आ रहे हैं। आगे चोर-डकैत और उनके पीछे लाठी-भाला लिए गांव वालों का हुजूम। अफरातफरी मच गई। जो लोग नाच देखने जा रहे थे, वे भी उल्टे पांव भागने लगे। स्थिति बड़ी विकट थी। अगर हम वहीं खड़े रहते, तो दो खतरे थे, या तो डकैतों की गोली का शिकार बनते या फिर जोश में आए गांव वालों के हत्थे चढ़ जाते, जो अंधेरे में हमें भी डकैतों का साथी समझकर पीट देते।

भागो! सुशील ने आवाज लगाई। हम दिशा-विशा भूलकर, जान हथेली पर रखकर भागे। सामने अरहर का एक लहलहाता खेत दिख रहा था। अरहर की फसल इंसान के कद से ऊंचे हो गए थे। बिना एक पल गंवाए, हम उस खेत में घुस गए। हम खेत के बीचों-बीच जाकर बैठ गए। सांसें लोहार की धौंकनी की तरह चल रही थीं। दिल की धड़कन इतनी तेज थी कि लग रहा था वह पसलियां तोड़कर बाहर आ जाएंगी। बाहर से गांव वालों की ललकार और भागते हुए कदमों की धमक सुनाई दे रही थी। हम एक-दूसरे का हाथ पकड़े, दुबके हुए थे। वह अरहर का खेत उस रात हमारे लिए किसी किले से कम नहीं था। उसकी ओट ने हमें गांव वालों की नजरों और डकैतों की गोलियों, दोनों से बचा लिया था। करीब बीस मिनट तक हम वहीं साँसें रोके छुपे रहे। जब शोरगुल थोड़ा कम हुआ और लगा कि गांव वालों का जत्था दूसरी दिशा में निकल गया है, तो हमने वहां से निकलने की हिम्मत जुटाई।

अब हमने खेत से बाहर निकलकर एक कच्चा रास्ता पकड़ ली थी, जो आम के एक बागीचे से होकर गुजरता था। यह बागीचा दिन में भी डरावना लगता था और रात में तो इसकी भयावहता और बढ़ जाती थी। घने पेड़ों के साये में अंधेरा इतना गहरा था कि टॉर्च की रोशनी भी कुछ ही फीट तक जा पा रही थी।

हम दबे पांव आगे बढ़ रहे थे। बागीचे के बीच में पहुँचते ही, अचानक एक आवाज ने हमारे कदम रोक दिए। खनक... खन-खन...यह बर्तनों के टकराने की आवाज थी। हवा एकदम बंद थी, इसलिए आवाज साफ सुनाई दे रही थी। हम चौंक गए। इतनी रात गए इस वीरान में बर्तन की आवाज़ कैसे आ रही है?

मेरे एक साथी ने इशारे से रुकने को कहा। हमने एक पेड़ की आड़ ली और ध्यान से सुनने की कोशिश की। बर्तनों की खनक के साथ-साथ कुछ फुसफुसाने की आवाजें भी आ रही थीं।

यह वाला लोटा मेरा... और यह थाली तुम रख लो... चोरों में से किसी ने धीरे से कहा।

हमारी घिग्घी बंध गई थी। हमें समझते देर नहीं लगी कि ये वही डकैत हैं, जो गाँव में डाका डालकर भागे थे। वे यहाँ इस सुनसान बागीचे में चोरी किये हुए पीतल और कांस्य के बर्तन, गहने और कपड़ों का बंटवारा कर रहे थे। यह अहसास होते ही हमारे पसीने छूट गए। अगर उनकी नजर हम पर पड़ जाती, तो शायद हमारी लाशें भी सुबह तक न मिलतीं।

हमें तुरंत फैसला लेना था। आगे बढ़ना खतरे से खाली नहीं था क्योंकि सूखी पत्तियों की चरमराहट उन्हें सतर्क कर सकती थी। हमने बेहद सावधानी से अपने रास्ते को बदल दिया था। हमें बागीचे के बीच से होते हुए अब बाहर आना था ताकि हम उन डकैतों की जद से दूर निकल सकें। वह दस मिनट का रास्ता हमें घंटों जैसा लगा। जब हम बागीचे की दूसरी ओर चौड़ी मेड़ पर आ गए, तब जाकर हमारी जान में जान आई। अब हमारे सामने दो रास्ते थे, या तो घर वापस लौट जाएं या फिर नाच देखने चलें। नचदेखवा का दिल इतनी आसानी से हार नहीं मान रहा था।

इतनी मुसीबत झेल ली, अब तो नाच देखकर ही जाएंगे, सबने एकमत से फैसला लिया।

वैसे भी, घर लौटने का रास्ता उसी बागीचे से होकर जाता था, जहाँ डकैत बैठे थे। आगे बढ़ना ही हमारी समझदारी थी। रात के नौ बजनेवाले थे। लम्बा चक्कर लगाने के बाद आखिरकार हम अब पसउर के उस शामियाने में दाखिल हो गए थे। वहां पहुँचते ही जैसे सारी थकान काफूर हो गई। माहौल पूरी तरह बदल चुका था। यहाँ किसी को डकैती की खबर तक नहीं थी या लोग उसे नजरअंदाज कर अपनी दुनिया में ही मग्न थे।

शामियाने के अंदर का दृश्य जादुई था। बीड़ी और सिगरेट का धुआं हवा में तैर रहा था, जो पेट्रोमैक्स की रोशनी में अगरबत्ती के धुएं जैसा लग रहा था। मंच पर एक 'लौंडा' नीली साड़ी पहने, बालों में गजरा लगाए, झुमका गिरा रे बरेली के बाजार में गाने पर थिरक रहा था। उसकी अदाएं, उसका मटकना और आँखों से इशारा करना सब कुछ सम्मोहित करने वाला था। हम भीड़ को चीरते हुए एक कोने में जगह बनाकर बैठ गए। हमारा पसंदीदा गाना चल रहा था और हम उस धुन में खोने लगे थे।

अब बिजली रानी की बारी थी। लोग उसका बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे। लाल किनारी वाली पीली साड़ी में वह मंच पर आ चुकी थी। भीड़ मंत्रमुग्ध थी। बिजली रानी के ठुमके गज़ब ढा रहे थे। जब बिजली रानी ने लचका सुनाया तो लोगों की सीटियाँ बजने लगीं।

लेकिन, यह रात हमारी परीक्षा लेने पर ही तुली हुई थी। अभी हमने नाच का आनंद लेना शुरू ही किया था कि मेरी नजर मंच के पास बैठे लड़कों के एक झुंड पर पड़ी। वे जोर-जोर से सीटी बजा रहे थे। रोशनी जब उनके चेहरों पर पड़ी, तो मेरा माथा ठनका।

ये वही लड़के थे, जिनसे हमारी दस दिन पहले चरपोखरी बाजार पर जबरदस्त मारपीट हुई थी। हमने उन्हें खदेड़-खदेड़ कर पीटा था। आज वे अपने इलाके में थे, अपने गाँव में। उनमें से एक ने हमें पहचान लिया था। उसने अपनी बगल में बैठे साथी को कोहनी मारी और हमारी तरफ इशारा किया। धीरे-धीरे उनकी पूरी टोली का ध्यान नाच से हटकर हमारी तरफ हो गया। उनकी आँखों में प्रतिशोध की ज्वाला साफ दिख रही थी। वे आपस में कानाफूसी करने लगे और कुछ लोग अपनी जगह से उठने भी लगे।

संगीत का शोर अब भी तेज था, लेकिन हमारे कानों में खतरे की घंटी बज चुकी थी। निकल लो, वरना आज खैर नहीं, मेरे साथी ने कान में फुसफुसाया।

वहाँ रुकना अब शेर के मांद में हाथ झाँकने जैसा था। वे संख्या में हमसे ज्यादा थे और यह उनका इलाका भी था। अगर लड़ाई होती, तो न तो हम नाच देख पाते और न ही सही सलामत घर लौट पाते। मन मसोस कर रह जाना पड़ा। इतना जोखिम उठाया, डकैतों से बचे, कांटों पर चले और अब मंजिल पाकर भी अनहोनी की आशंका दिख रही थी।

हमने धीरे से, बिना किसी का ध्यान खींचे, शामियाने के पिछले हिस्से में खिसकना शुरू किया। नर्तकी के घुंघरू अब भी छनक रहे थे, लेकिन वे हमें बुला नहीं रहे थे, बल्कि चेतावनी दे रहे थे। हम बाहर अंधेरे में आ गए।

अब क्या करें? सुशील ने काँपते हुए पूछा।

मैंने दूर चमचमाती हुई ट्यूब लाइट की रोशनी की ओर इशारा किया। सुना है, आज चरपोखरी में भी नाच आया है, वहां तारा रानी आई है।

नचदेखवा मंडली की आत्मा फिर से जाग उठी। सबकी आँखों में फिर से वही चमक लौट आई। पुरानी थकान, डकैतों का डर और दुश्मनों की रंजिश सब एक पल में भुला दी गई। रात के ग्यारह बजने वाले थे। वापसी के रास्ते पर चाँद धीरे-धीरे बादलों से निकलकर आकाश में चढ़ आया था। अरहर के खेत झूम रहे थे मानो हमें पहचानकर मुस्कुरा रहे हों। अब हम दूसरे शामियाने की ओर बढ़ रहे थे।

## संजय उवाच



संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com

# गीता सुगीता...

धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः।
मामकाः पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत संजय।।

अर्थात धर्मभूमि कुरुक्षेत्र में युद्ध की इच्छा से एकत्रित हुए मेरे और पांडु के पुत्रों ने क्या किया? यह प्रश्न धृतराष्ट्र ने संजय से पूछा था। यही प्रश्न श्रीमद्भगवद्गीता का प्रथम श्लोक भी है।

18 अध्यायों में विभक्त श्रीमद्भगवद्गीता 700 श्लोकों के माध्यम से जीवन के विभिन्न आयामों का दिव्य मार्गदर्शन है। यह मार्गदर्शन विषाद योग, सांख्य योग, कर्म योग, ज्ञानकर्म-संन्यास योग, कर्म-संन्यास योग, आत्मसंयम योग, ज्ञान-विज्ञान योग, अक्षरब्रह्म योग, राजविद्याराजगुह्य योग, विभूति योग, विश्वरूपदर्शन योग, भक्ति योग, क्षेत्रक्षेत्रज्ञ विभाग योग, गुणत्रयविभाग योग, पुरुषोत्तम योग, दैवासुरसंपद्विभाग योग, श्रद्धात्रय विभाग योग, मोक्षसंन्यास योग द्वारा अभिव्यक्त हुआ है।

योगेश्वर श्रीकृष्ण ने मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की मोक्षदा एकादशी को गीता का ज्ञान दिया था। गीता जयंती इसी ज्ञानपुंज के प्रस्फुटन का दिन है। इस प्रस्फुटन की कुछ बानगियाँ देखिए-

1) यद्यापि सर्वभूतानां बीजं तदहमर्जुन।
न तदस्ति विना यत्स्यान्मया भूतं चराचरम।।

अर्थात, हे अर्जुन! सम्पूर्ण प्राणियों का जो बीज है, वह मैं ही हूँ। मेरे बिना कोई भी चर-अचर प्राणी नहीं है।

इस श्लोक से स्पष्ट है कि हर जीव, परमात्मा का अंश है।

2) यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति।।

अर्थात जो सबमें मुझे देखता है और सबको मुझमें देखता है, उसके लिये मैं अदृश्य नहीं होता और वह मेरे लिये अदृश्य नहीं होता।

3) न त्वेवाहं जातु नासं न त्वं नेमे जनाधिपाः।
न चैव न भविष्यामः सर्वे वयमतः परम।।

अर्थात न ऐसा ही है कि मैं किसी काल में नहीं था या तू नहीं था अथवा ये सारे राजा नहीं थे और न ऐसा ही है कि इससे आगे हम सब नहीं रहेंगे। इसे समझने के लिए मृत्यु का उदाहरण लें। मृत्यु अर्थात देह से चेतन तत्व का विलुप्त होना। आँखों दिखता सत्य है कि किसी एक पार्थिव के विलुप्त होने पर एक अथवा एकाधिक निकटवर्ती उसका प्रतिबिम्ब -सा बन जाता है।

विज्ञान इसे डीएनए का प्रभाव जानता है, अध्यात्म इसे अमरता का सिद्धांत मानता है। अमरता है, सो स्वाभाविक है कि अनादि है, अनंत है।

4) या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः।।

सब प्राणियोंके लिए जो रात्रि के समान है, उसमें स्थितप्रज्ञ संयमी जागता है और जिन विषयों में सब प्राणी जाग्रत होते हैं, वह मुनिके लिए रात्रि के समान है । इसके लिए मुनि शब्द का अर्थ समझना आवश्यक है। मुनि अर्थात मनन करनेवाला, मननशील। मननशील कोई भी हो सकता है। साधु-संत से लेकर साधारण गृहस्थ तक।

मनन से ही विवेक उत्पन्न होता है। दिवस एवं रात्रि की अवस्था में भेद देख पाने का नाम है विवेक। विवेक से जीवन में चेतना का प्रादुर्भाव होता है। फिर चेतना तो साक्षात ईश्वर है। ..और यह किसी संजय का नहीं स्वयं योगेश्वर का उवाच है। इसकी प्रतीति देखिए-

5) वेदानां सामवेदोऽस्मि देवानामस्मि वासवः।
इंद्रियाणां मनश्चास्मि भूतानामस्मि चेतना।।

मैं वेदों में सामवेद हूँ, देवों में इंद्र हूँ, इंद्रियों में मन हूँ और प्राणियों की चेतना हूँ।

जिसने भीतर की चेतना को जगा लिया, वह शाश्वत जागृति के पथ पर चल पड़ा। जाग्रत व्यक्ति 'कर्मण्येवाधिकारस्ते' का अनुयायी होता है।

6) कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि।।

अर्थात कर्म करने मात्र का तुम्हारा अधिकार है, तुम कर्मफल के हेतु वाले मत होना और अकर्म में भी तुम्हारी आसक्ति न हो। मनुष्य को सतत निष्काम कर्मरत रहने की प्रेरणा देनेवाला यह श्लोक जीवन का स्वर्णिम सूत्र है। सदियों से इस सूत्र ने असंख्य लोगों के जीवन को दिव्यपथ का अनुगामी किया है।

श्रीमद्भगवद्गीता के ईश्वर उवाच का शब्द-शब्द जीवन के पथिक के लिए दीपस्तंभ है। इसकी महत्ता का वर्णन करते हुए भगवान वेदव्यास कहते हैं,

गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यैः शास्त्रसंग्रहैः।
या स्वयं पद्मनाभस्य मुखपद्माद्विनिः सृता ।।
( महा. भीष्म 43/1)

श्रीमद्भगवद्गीता का ही भली प्रकार से श्रवण, कीर्तन, पठन, पाठन, मनन एवं धारण करना चाहिए क्योंकि यह साक्षात पद्मनाभ भगवान के मुख कमल से निकली है। गीता जयंती के अवसर पर श्रीमद्भगवद्गीता के नियमित पठन का संकल्प लें। अक्षरों के माध्यम से अक्षरब्रह्म को जानें, सृष्टि के प्रति स्थितप्रज्ञ दृष्टि उत्पन्न करें। शुभं अस्तु।

# बुलबुल और अमरूद



बच्चो! जो मैं आपको बताने जा रहा हूँ, वह सदियों पहले की बात है । एक बार एक बुलबुल को अत्यधिक भूख लगी । वह भोजन तलाश करते-करते एक अमरूद के पौधे पर जा बैठी और अपनी चोंच से अमरूद कुतरने लगी। ऐसा करते हुए उसने उतने अमरूद खाए नहीं थे जितने कि चोंच मारकर-मारकर जमीन पर फेंक दिए थे।

अमरूद के पौधे से इस तरह की बर्बादी सहन नहीं हुई। उसने बुलबुल से कहा, 'ओ! बुलबुल! तुझ में और तोते में भला अब क्या फर्क रह गया है? वह भी खाता कम है और नष्ट ज्यादा करता है, तुम भी वैसा ही कर रही हो।

उसकी यह बात सुनकर बुलबुल चिढ़ गई और बोली, तुम कितने मूर्ख हो? मेरी तुलना तोते से कर रहे हो? कहाँ मैं, कहाँ वो।अमरूद के पौधे ने पूछा, वह कैसे ? मैं अगर पेट भरने के लिए फल खाती हूँ , तो साथ-साथ तुम्हें मीठे गीत भी तो सुनाती हूँ । है ना? बुलबुल ने कहा।

अमरूद का पौधा कुछ देर सोचने के पश्चात बोला ,बात तो तुम्हारी सही है, लेकिन यदि तुम केवल पके हुए फल ही खाओ तो तुम्हें भी खाने में आसानी रहेगी और मुझे भी पीड़ा कम होगी क्योंकि पके हुए फलों को तो एक दिन झड़ना ही होता है।बुलबुल को उसकी बात जंच गई और वह खुशी-खुशी मान गई । उसके बाद वह पके हुए फल ही खाने लगी। जब उसका पेट भर जाता, तो वह एक भी फल को व्यर्थ चोंच न मारती।एक दिन सुबह-सुबह शीतल हवा में झूमते हुए अमरूद के पौधे ने पास खड़े अनार के पौधे को यह सारी बात बताई। अभी दोनों पौधे बातें कर ही रहे थे कि इतनी देर में एक लड़का वहाँ आया और छड़ी की सहायता से अमरूद के पौधे पर वार करके अमरूद झाड़ने लगा। उसने कच्चे, अधपके और पक्के सभी तरह के कितने ही अमरूद झाड़ कर जमीन पर गिरा दिए। फिर उनमें से जो पक्के और अच्छे लगे वह चुन लिए बाकी वहीं जमीन पर गिरे रहने दिए , और चला गया ।

उसके जाने के बाद अनार का पौधा बड़े दुखी मन से बोला, मित्र अमरूद! बात तो तुम्हारी ठीक है, पर जो बात बुलबुल को समझ आ गई वह बात इन मनुष्यों को कब समझ आएगी। अनार के पौधे की बात सुनकर आसपास खड़े दूसरे पौधे और उन पर बैठे पक्षी सोच में पड़ गए।

## बोध कथा

# निंदा का फल

एक बार की बात है की किसी राजा ने यह फैसला लिया के वह प्रतिदिन 100 अंधे लोगों को खीर खिलाया करेगा। एक दिन खीर वाले दूध में सांप ने मुंह डाला और दूध में विष डाल दी और ज़हरीली खीर को खाकर 100 के 100 अंधे व्यक्ति मर गए। राजा बहुत परेशान हुआ कि मुझे 100 आदमियों की हत्या का पाप लगेगा।राजा परेशानी की हालत में अपने राज्य को छोड़कर जंगलों में भक्ति करने के लिए चल पड़ा, ताकि इस पाप की माफी मिल सके। रास्ते में एक गांव आया। राजा ने चौपाल में बैठे लोगों से पूछा की क्या इस गांव में कोई भक्ति भाव वाला परिवार है ? ताकि उसके घर रात काटी जा सके।चौपाल में बैठे लोगों ने बताया कि इस गांव में दो बहन भाई रहते हैं जो खूब बंदगी करते हैं। राजा उनके घर रात ठहर गया। सुबह जब राजा उठा तो लड़की सिमरन पर बैठी हुई थी। इससे पहले लड़की का रूटीन था की वह दिन निकलने से पहले ही सिमरन से उठ जाती थी और नाश्ता तैयार करती थी। लेकिन उस दिन वह लड़की बहुत देर तक सिमरन पर बैठी रही।जब लड़की सिमरन से उठी तो उसके भाई ने कहा की बहन तू इतना लेट उठी है ,अपने घर मुसाफिर आया हुआ है।इसने नाश्ता करके दूर जाना है। तुझे सिमरन से जल्दी उठना चाहिए था। तो लड़की ने जवाब दिया कि भैया ऊपर एक ऐसा मामला उलझा हुआ था।

धर्मराज को किसी उलझन भरी स्थिति पर कोई फैसला लेना था और मैं वो फैसला सुनने के लिए रुक गयी थी, इस लिए देर तक बैठी रही सिमरन पर। उसके भाई ने पूछा ऐसी क्या बात थी। तो लड़की ने बताया कि फलां राज्य का राजा अंधे व्यक्तियों को खीर खिलाया करता था। लेकिन सांप के दूध में विष डालने से 100 अंधे व्यक्ति मर गए। अब धर्मराज को समझ नहीं आ रही कि अंधे व्यक्तियों की मौत का पाप राजा को लगे, सांप को लगे या दूध नंगा छोड़ने वाले रसोईए को लगे।राजा भी सुन रहा था। राजा को अपने से संबंधित बात सुन कर दिलचस्पी हो गई और उसने लड़की से पूछा कि फिर क्या फैसला हुआ ? लड़की ने बताया कि अभी तक कोई फैसला नहीं हो पाया था। राजा ने पूछा कि क्या मैं आपके घर एक रात के लिए और रुक सकता हूं ? दोनों बहन भाइयों ने खुशी से उसको हां कर दी। राजा अगले दिन के लिए रुक गया, लेकिन चौपाल में बैठे लोग दिन भर यही चर्चा करते रहे कि.. कल जो व्यक्ति हमारे गांव में एक रात रुकने के लिए आया था और कोई भक्ति भाव वाला घर पूछ रहा था। उस की भक्ति का नाटक तो सामने आ गया है।

## वीर गाथा

# हवलदार विवेक सिंह तोमर : जलते टेंट में कर्तव्य के लिए लगाई छलांग, इस बलिदानी को लाखों सलाम



हवलदार विवेक सिंह तोमर का जन्म मध्य प्रदेश में मुरैना जिले के रुवाड़ गांव में हुआ था। माता मुन्नी देवी और पिता हरि सिंह तोमर के बेटे विवेक भारतीय सेना में राजपूताना राइफल्स की 5वीं बटालियन के वीर योद्धा थे। हवलदार विवेक 10 जनवरी, 2023 को सेंट्रल सियाचिन ग्लेशियर पर एक फॉरवर्ड पोस्ट में तैनात थे। यह जगह 18 हजार फीट से ज्यादा ऊंचाई पर स्थित है। यहां दुश्मन के अलावा मौसम की कठोर परिस्थितियों का भी सामना करना होता है। विवेक अपनी पोस्ट में सतर्कता से निगरानी कर रहे थे। अचानक उन्हें एक टेंट से धुआं निकलता दिखाई दिया। उन्होंने अपने साथी जवानों पर मंडरा रहे खतरे को भांप लिया और उनकी मदद करने के लिए पहुंचे।

हवलदार विवेक ने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए तुरंत ही उस टेंट के अंदर छलांग लगा दी थी। अब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी और घना धुआं निकल रहा था। विवेक ने अपनी सूझबूझ और कौशल से आग पर काबू पाया और देश को बड़े नुकसान से बचा लिया। हालांकि हवलदार विवेक खुद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके श्वसन तंत्र में धुआं प्रवेश कर गया था। वहीं, मौसम खराब होने के कारण उन्हें वहां से नहीं निकाला जा सकता था। वे लगभग 36 घंटों तक जूझते रहे और 11 जनवरी, 2023 को वीरगति को प्राप्त हो गए। हवलदार विवेक सिंह तोमर ने माइनस 52 डिग्री तापमान और हजारों फीट ऊंचाई पर मुश्किल हालात के बीच जिस दृढ़ता से अपना कर्तव्य निभाया, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्हें 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया गया।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# अगले साल जी-20 में दक्षिण अफ्रीका को आमंत्रित नहीं करने का ट्रंप का फैसला अफसोसजनकः रामाफोसा

जोहानिसबर्ग/भाषा। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा है कि अमेरिका की अध्यक्षता के दौरान दक्षिण अफ्रीका को जी-20 में आमंत्रित नहीं किए जाने की उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा अफसोसजनक है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में घोषणा की कि दक्षिण अफ्रीका को अगले वर्ष फ्लोरिडा में उनके देश की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका सदस्यता के लिए ''योग्य'' नहीं है।

अमेरिका ने दक्षिण अफ्रीका से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की है और वह एक दिसंबर, 2025 से 30 नवंबर, 2026 तक इस समूह का नेतृत्व करेगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, ''अमेरिका ने दक्षिण अफ्रीका में जी-20 में भाग नहीं लिया क्योंकि दक्षिण अफ्रीका सरकार अफ्रीकी लोगों और पुर्तगाली, फ्रांसीसी तथा जर्मन प्रवासियों के वंशजों द्वारा झेले गए भयावह मानवाधिकार हनन को स्वीकार करने या उस पर ध्यान देने से इनकार करती है।'' दक्षिण अफ्रीका ने एक दिसंबर 2024 को जी20 की साल भर की अध्यक्षता संभाली थी। उसने 22 से 23 नवंबर तक जोहानिसबर्ग में इस समूह के नेताओं की मेजबानी की थी।

परंपरा के अनुसार, मेजबान देश जी-20 की अगली अध्यक्षता संभालने वाले राष्ट्र को लकड़ी का एक प्रतीकात्मक हथौड़ा सौंपता है लेकिन बैठक के बहिष्कार के कारण दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा से इसे लेने के लिए कोई अमेरिकी अधिकारी मौजूद नहीं था।

जागरुकता



पटियाला में शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत दोपहिया वाहन सवारों को हेलमेट बांटने के दौरान मौत के देवता 'यमराज' बने एक आदमी ने एक यात्री से बात करता हुआ।

# इमरान खान के बेटे ने अपने पिता के जीवित होने का सबूत पेश करने की सरकार से मांग की

लाहौर/भाषा। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे ने सरकार से इसका सबूत पेश करने की मांग की है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक जिंदा हैं।

खान के बेटे कासिम खान ने शुक्रवार शाम एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''हम इमरान खान के जीवित होने का सबूत मांगते हैं।''

ऐसी अटकलें हैं कि क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान (73) की जेल में हत्या कर दी गई है, क्योंकि ना तो उनके परिवार के सदस्यों और ना ही उनके वकीलों एवं पार्टी के लोगों को एक महीने से उनसे मिलने दिया गया है। खान कई मामलों में दो साल से अधिक समय से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। खान की तीन बहनें, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ता और खैबर पख़्तूनख़्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफ़रीदी पिछले कुछ दिनों से अदियाला जेल के बाहर डेरा डाले हुए हैं और शहबाज शरीफ सरकार पर खान के परिवार के सदस्यों को उनसे मिलने की इजाजत देने का दबाव बना रहे हैं।

कासिम ने कहा, ''मेरे पिता 845 दिनों से गिरफ़्तार हैं। पिछले छह हफ़्तों से उन्हें मौत की कोठरी में एकांत कारावास में रखा गया है, जहां कोई पारदर्शिता नहीं है। उनकी बहनों को उनसे मिलने की इजाजत नहीं दी गई, जबकि अदालत ने स्पष्ट आदेश दिए हैं। फोन पर कोई बातचीत नहीं हुई, कोई मुलाकात नहीं हुई और उनके जीवित होने का कोई सबूत नहीं मिला। मेरा और मेरे भाई का अपने पिता से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।'' सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए, कासिम ने कहा, ''यह कोई सुरक्षा प्रोटोकॉल नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''बल्कि, यह मेरे पिता की स्थिति को छिपाने और हमारे परिवार को यह जानने से रोकने का जानबूझकर किया गया एक प्रयास है कि वह सुरक्षित हैं या नहीं। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि पाकिस्तानी सरकार और उसके संचालक मेरे पिता की सुरक्षा और इस अमानवीय अलगाव के हर परिणाम के लिए कानूनी, नैतिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरी तरह से जवाबदेह होंगे।'' उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय, वैश्विक मानवाधिकार संगठनों और हर लोकतांत्रिक आवाज से तत्काल हस्तक्षेप करने का आह्वान किया।

खान के बेटे ने कहा, ''हम उनके जीवित होने का प्रमाण मांगते हैं, अदालत के आदेश के अनुसार पहुंच सुनिश्चित की जाए और यह अमानवीय अलगाव को समाप्त किया जाए तथा पाकिस्तान के सबसे लोकप्रिय नेता की रिहाई की मांग करते हैं, जिन्हें केवल राजनीतिक कारणों से हिरासत में रखा गया है।''

# फिल्म डायरेक्टर विक्रम भट्ट को नोटिस, पत्नी समेत 6 आरोपी भी तलब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



उदयपुर। उदयपुर में फिल्म निर्माण के नाम पर 30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में बॉलीवुड डायरेक्टर विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट समेत छह आरोपियों को पुलिस ने नोटिस जारी किया है। सभी को 8 दिसंबर तक उदयपुर पुलिस के सामने उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच कर रहे डिप्टी छगन पुरोहित ने बताया कि नोटिस आरोपियों के मुंबई स्थित निवास पर भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय पर पेश नहीं होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इधर, इस मामले में गिरफ्तार विक्रम भट्ट के को-प्रोड्यूसर महबूब अंसारी और वेंडर संदीप विश्वनाथ त्रिभुवन को 1 दिसंबर तक रिमांड पर भेजा गया है।

शिकायत उदयपुर के इंदिरा खतऋके मालिक डॉ. अजय मुर्डिया ने दर्ज करवाई थी। आरोप है कि फिल्म निर्माण के लिए 30 करोड़ की राशि डॉक्टर से ली गई और 200 करोड़ की कमाई का लालच देकर धोखाधड़ी की गई। इस पूरे मामले में विक्रम भट्ट, उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट सहित आठ लोगों के खिलाफ ऋखठ दर्ज है। फर्जीवाड़े के सामने आने के बाद विक्रम भट्ट पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट में ट्रांजिट बेल के लिए आवेदन किया है।जांच के अनुसार, डॉक्टर से चार फिल्मों के निर्माण के नाम पर 44.29 करोड़ रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए गए थे। इनमें से चौथी फिल्म 'महाराणा' (परिवर्तित नाम 'रण') के लिए 25 करोड़ का करार हुआ था, जिसकी शूटिंग अब तक शुरू नहीं हुई। पीड़ित की रिपोर्ट में करीब 30 करोड़ की ठगी का उल्लेख है।

विक्रम भट्ट और डॉक्टर के बीच डील करवाने वाले उदयपुर निवासी दिनेश कटारिया की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि वह मुंबई में छिपा हुआ है।महबूब अंसारी और संदीप विश्वनाथ को 17 नवंबर को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था। विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी के अलावा बेटी कृष्णा भट्ट, दिल्ली निवासी मुदित बुटट्टान, गंगेश्वरलाल श्रीवास्तव और फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्पलाइज मुंबई के जनरल सेक्रेटरी अशोक दुबे भी आरोपी बनाए गए हैं।




# कराची पुलिस अधिकारी की पत्नी ने बॉलीवुड फिल्म 'धुरंधर' के ट्रेलर में उनके चित्रण पर आपत्ति जताई

कराची/भाषा

कराची में आतंकवादी और आपराधिक गिरोहों के खिलाफ अपनी बहादुरी और एनकाउंटर विशेषज्ञ के रूप में मशहूर हुए पाकिस्तानी पुलिस अधिकारी दिवंगत चौधरी असलम की पत्नी ने धमकी दी है कि अगर उनके पति को आगामी बॉलीवुड फिल्म धुरंधर में गलत और नकारात्मक तरीके से चित्रित किया गया तो वह कानूनी कार्रवाई करेंगी। रणवीर सिंह अभिनीत और आदित्य धर द्वारा निर्देशित यह फिल्म जासूसी पर आधारित है। इस महीने की शुरुआत में जारी किया गया फिल्म का आधिकारिक ट्रेलर कराची के कुख्यात ल्यारी इलाके की कहानी की झलक पेश करता है, जहां कभी दो प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोहों का दबदबा था। फिल्म में दिग्गज अभिनेता संजय दत्त चौधरी असलम का किरदार निभा रहे हैं। इस पुलिस अधिकारी की हत्या पाकिस्तान तहरीक-ए-तालिबान ने की थी। नौ जनवरी, 2014 को ल्यारी एक्सप्रेसवे पर असलम की कार पर हुए बम हमले में दो अन्य पुलिस अधिकारी, उनके चालक और सुरक्षाकर्मी भी मारे गए थे। असलम को ल्यारी गैंगस्टरों, जिनमें रहमान डकैत और उजैर बलोच के साथ-साथ तालिबान आतंकवादी भी शामिल थे, पर कानून लागू करने वाली एजेंसियों की कार्रवाई का नेतृत्व करने के लिए जाना जाता था।

'जियो डिजिटल' मंच को दिए एक साक्षात्कार में, असलम की पत्नी नौरीन असलम ने कहा कि वह पांच दिसंबर को भारतीय सिनेमाघरों में फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रही हैं, क्योंकि तभी उन्हें पता चलेगा कि फिल्म निर्माताओं ने उनके पति को कैसे चित्रित किया है। नौरीन ने ट्रेलर में एक संवाद पर भी आपत्ति जताई, जिसमें असलम को शैतान और जिन्न की संतान बताया गया है। नौरीन ने कहा, हम मुसलमान हैं और ऐसे शब्द न केवल असलम, बल्कि उनकी मां, जो एक सीधी-सादी महिला थीं, का भी अपमान करते हैं। उन्होंने कहा, अगर मुझे फिल्म में अपने पति को गलत तरीके से चित्रित या उनके खिलाफ कोई दुष्प्रचार होता हुआ दिखाई देता है, तो मैं निश्चित रूप से हर संभव कानूनी कदम उठाऊंगी।

# चाचा पवन कल्याण और भाई राम चरण का मार्गदर्शन अमूल्य : निहारिका कोनिडेला

मुंबई/एजेन्सी



अभिनेत्री और निर्माता निहारिका कोनिडेला ने अपने दमदार अभिनय और प्रोडक्शन से लोगों के बीच एक अलग पहचान बनाई। उन्होंने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में अपने फिल्मी करियर और परिवार से मिलने वाले समर्थन के बारे में खुलकर बातें की हैं। अभिनेत्री ने बताया कि परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहा है। खासतौर से उनके चाचा पवन कल्याण और भाई राम चरण ने उनके सफर को आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईएएनएस ने इंटरव्यू में जब उनसे पूछा कि उनके परिवार, खासकर पवन कल्याण और राम चरण, उनके करियर में कितने महत्वपूर्ण हैं, तो इसके जवाब में निहारिका ने कहा, ''उनके समर्थन से मुझे असाधारण सी ताकत मिलती है। मुझे पता है कि वे दोनों बिना ज्यादा कुछ बोले भी मेरे लिए हमेशा मौजूद रहेंगे।'' निहारिका ने साझा किया कि वह पवन कल्याण और राम चरण से अपने जीवन में काफी कुछ सीख हासिल करती हैं। उन्होंने कहा, ''उनके अनुभव, उनके काम करने का तरीका, और पेशेवर अनुशासन मेरे लिए हमेशा एक उदाहरण बनकर सामने आते हैं। उनका मार्गदर्शन मेरे लिए अमूल्य है और इसे मैं अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाती हूं।'' निहारिका ने बताया कि उनका परिवार फिल्म इंडस्ट्री में बहुत सम्मानित है और इस कारण कभी-कभी उन्हें महसूस होता है कि उन्हें हर कदम पर दूसरों की उम्मीदों पर खरा उतरना है। उन्होंने कहा, ''मैं इस दबाव को नकारात्मक रूप में नहीं देखती। मैं इसे अपनी मेहनत और करियर में आगे बढ़ने के लिए एक प्रेरणा की तरह महसूस करती हूं। हर बार जब मैं किसी फिल्म के सेट पर जाती हूं या कोई फिल्म प्रोड्यूस करने का फैसला लेती हूं, वह हमेशा इस विचार के साथ काम करती हूं कि मुझे अपने परिवार को गर्व महसूस कराना है।'' निहारिका ने कहा, ''मुझे फैंस ने हमेशा अपने परिवार की तरह प्यार दिया है।

# भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के समापन समारोह में रजनीकांत को सम्मानित किया गया

पणजी/भाषा



गोवा में आयोजित 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) का समापन समारोह शुक्रवार को यादगार बन गया, जब सिनेमा में 50 वर्ष पूरे कर चुके सुपरस्टार रजनीकांत को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया और एश मेफेयर की फिल्म 'स्किन ऑफ यूथ' को सर्वोच्च पुरस्कार मिला। आईएफएफआई के समापन समारोह में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रजनीकांत को शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। 74 वर्षीय सुपरस्टार ने कहा, मैं बहुत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ यहां खड़ा हूं और 50 वर्षों के अपने काम को सराहने और सम्मानित करने के लिए केंद्रीय सरकार का दिल से धन्यवाद करता हूं। अगर मैं पीछे मुड़कर देखूं तो लगता है कि मैंने सिर्फ 10-15 साल काम किया है, और इसका कारण केवल मेरा सिनेमा और अभिनय के प्रति प्रेम है। इसलिए, 100 साल बाद भी मैं फिर अभिनेता, यानी रजनीकांत के रूप में जन्म लेना चाहूंगा। आपके प्यार और स्नेह के लिए धन्यवाद।

इस समारोह में अभिनेता अपने परिवार के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह, अभिनेता-निर्माता ऋषभ शेट्टी, फिल्म शोले के निर्देशक रमेश सिप्पी, धनुष, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, विनीत कुमार सिंह, अमित साध और फिल्मकार मधुर भंडारकर, राकेश ओमप्रकाश मेहरा और शेखर कपूर भी मौजूद रहे। इस वर्ष दुनिया को अलविदा कह चुके कलाकारों को भी समारोह में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 'इन फोंड रिमेम्ब्रेंस ऑफ द आर्टिस्ट्स वी लॉस्ट' शीर्षक वाले श्रद्धांजलि कार्यक्रम में धर्मेंद्र, कामिनी कौशल, सुलक्षणा पंडित, सतीश शाह, पीयूष पांडे, जुबिन गर्ग और श्याम बेनेगल को याद किया गया।

समारोह में विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। वियतनामी फिल्म 'स्किन ऑफ यूथ' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार संतोष डावखर को उनकी मराठी फिल्म 'गोंधल' के लिए दिया गया। कोलंबियाई अभिनेता उबेमार रियॉस को उनकी फिल्म 'ए पोएट' में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला।



# 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा और महिमा चौधरी स्टारर फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का मजेदार टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में संजय मिश्रा अपनी होने वाली पत्नी के गुणों के बारे में चर्चा कर रहे हैं, लेकिन महिमा चौधरी बिल्कुल इसके उलट हैं। टीजर बहुत ही मजेदार है, जिसे देखकर फैंस के लिए हंसी रोक पाना मुश्किल हो रहा है। अभिनेता संजय मिश्रा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का टीजर शेयर किया है। टीजर में विनम्र भाव से संजय मिश्रा भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं कि उन्हें सुंदर, सुशील और संस्कारी पत्नी से मिला दें, लेकिन इसके उलट महिला चौधरी सिगरेट और शराब की शौकीन हैं, लेकिन बाहर से बिल्कुल संस्कारी लगती हैं। टीजर में संजय मिश्रा अपने बेटे से कहते हैं, तुम्हारी मम्मी बिल्कुल महिमा चौधरी के जैसी दिखती हैं।

टीजर को शेयर कर लिखा गया, शादी नंबर 2! दुर्लभ प्रसाद अपनी 'दूसरी पारी' के लिए तैयार हैं, क्या आप भी तैयार हैं? फिल्म 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले फिल्म के कई पोस्टर भी रिलीज हो चुके हैं। सबसे पहले पोस्टर में दुर्लभ प्रसाद की उम्र, रंग, लंबाई और स्टेटस लिखा था और बताया गया था कि दुर्लभ प्रसाद के लिए विधवा और तलाकशुदा दोनों तरह की महिलाएं शादी के लिए चलेंगी। अब जाकर फिल्म का टीजर रिलीज किया गया है। टीजर इतना मजेदार है कि फैंस ट्रेलर रिलीज करने की डिमांड कर रहे हैं। हालांकि फिल्म के रिलीज के लिए फैंस को थोड़ा इंतजार करना होगा। एक यूजर ने लिखा, वाह, क्या टीजर है, मिश्रा जी, आपको आपकी महिमा चौधरी मिल ही गई है। संजय मिश्रा अपनी कॉमिक टाइमिंग और कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने फिल्म 'गोलमाल', 'ऑल द बेस्ट', 'वेलकम', 'भूलभूलैया 3' समेत कई फिल्मों में एक्टिंग से फैंस का दिल जीता है, लेकिन कई फिल्में उन्होंने ऐसी भी कीं, जिनमें उनके संजीदा रोल से फैंस की आंखें नम हो गईं। इसमें 'आंखों-देखी', 'वध', 'वध-2', 'कांचली', 'द सीक्रेट ऑफ देवकाली' और 'मसान' जैसी फिल्में शामिल हैंष्ठ।

# रिलीज से पहले विवादों में रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर', शहीद मेजर मोहित शर्मा के माता-पिता ने की रोक लगाने की मांग

नई दिल्ली/एजेन्सी

लेखक और निर्देशक आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' रिलीज से पहले ही कानूनी पचड़े में फंस चुकी है। अशोक चक्र अवार्डी शहीद मेजर मोहित शर्मा के माता-पिता ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है। फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। भारतीय सेना के शहीद मेजर मोहित शर्मा के माता-पिता ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। परिवार का कहना है कि फिल्म 'धुरंधर' की रिलीज पर तुरंत रोक लगाई जाए, क्योंकि ये फिल्म उनके बेटे की जिंदगी से प्रभावित लगती है और फिल्म को बनाने से पहले फिल्म प्रोड्यूसर्स ने कोई परमिशन नहीं ली है। याचिका में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन, भारतीय सेना और फिल्म के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर को पक्षकार बनाया गया है। इससे पहले भी सोशल मीडिया पर लगातार 'धुरंधर' की कहानी को मेजर मोहित की जिंदगी से प्रभावित फिल्म बताया जा रहा है। हालांकि 26 नवंबर को निर्देशक आदित्य धर ने फिल्म को लेकर बयान भी जारी किया था और कहा था कि फिल्म मोहित शर्मा की जिंदगी से प्रेरित नहीं है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, हमारी फिल्म धुरंधर बहादुर मेजर मोहित शर्मा के जीवन पर आधारित नहीं है। यह एक आधिकारिक स्पष्टीकरण है। मैं आपको विश्वास



दिलाता हूं कि अगर हम भविष्य में मोहित सर पर बायोपिक बनाते हैं तो इसे पूरी सहमति और परिवार के साथ पूर्ण परामर्श के साथ करेंगे और इस तरह से करेंगे जिससे देश के लिए उनके बलिदान और हम सभी के लिए छोड़ी गई विरासत का सच्चा सम्मान हो। बता दें कि 'धुरंधर' के ट्रेलर रिलीज के बाद फिल्म के हर किरदार पर बात की गई, लेकिन रणवीर सिंह के किरदार पर मेकर्स ने अभी तक कोई बात नहीं की है। इस बात पर सस्पेंस बरकरार है कि रणवीर सिंह का रोल किस किरदार से प्रेरित है। फिल्म में आर. माधवन का किरदार अजीत डोभाल, अर्जुन रामपाल का किरदार पाकिस्तान के इलियास कश्मीरी, जबकि संजय दत्त का किरदार पाकिस्तानी एसपी चौधरी असलम से प्रेरित है। गौर करने वाली बात ये है कि रणवीर सिंह का लुक शहीद मेजर मोहित से मिलता है, जिन्होंने अपना नाम और पहचान बदलकर कई साल हिजबुल मुजाहिद्दीन टेररिस्ट ग्रुप के साथ आतंकी बनकर बिताए थे और वे जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकवादी विरोधी अभियान के दौरान मारे गए थे। उनके अदम्य साहस के लिए उन्हें अशोक चक्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# मुख्यमंत्री गुप्ता ने दिल्ली में फिल्म '120 बहादुर' को कर मुक्त घोषित किया

नयी दिल्ली/भाषा

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी की बहादुरी पर आधारित फिल्म '120 बहादुर' को दिल्ली में कर मुक्त घोषित कर दिया गया है। गुप्ता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि '120 बहादुर' 13 कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी के 120 सैनिकों के 'असाधारण साहस, नेतृत्व और बलिदान' को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला में बहादुरी से लड़ाई लड़ी थी।



# विषमता ही राग और द्वेष की जननी है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** यहां के तंडियारपेट के समता भवन में 29 नवम्बर को राष्ट्रसंत कमलमुनिजी कमलेश ने बताया कि विश्व के सभी धर्म का लक्ष्य विषमताओं को दूर करना, साधना के राजमार्ग की ओर अग्रसर होकर प्रत्येक मानव धर्म की मंजिल को प्राप्त कर सकता है। विषमता की चिंगारियां क्रोध ईर्ष्या अहंकार को पैदा करके मानव को शैतान और दानव बना देती है। विचारों में विषमता की खाई का निर्माण होना मानवीय गुणों का दीवाला निकालने के समान है। कोई भी धर्म ऐसी नीच हरकत करने की इजाजत नहीं देता। उन्होंने कहा कि जब तक आत्मा में विषमता का जहर भरा होता है, आत्मा का कल्याण साक्षात परमात्मा भी नहीं कर सकते। चाहे वह कठोर साधना करके संत भी क्यों बन जाए। विषमता सबसे खतरनाक हथियार है परमाणु बम से भी घातक है। यह तो संसार को नष्ट कर सकता है परंतु आत्मा के सद्गुणों को नष्ट नहीं कर सकता। विषमता सद्भाव प्रेम करुणा को नष्ट कर देता है जो बम भी नहीं कर सकता।

जैन संत ने कहा कि विषमता ही राग और द्वेष की जननी है उससे मानव असाध्य रोगों का शिकार बनता है, अशांति तनाव और टेंशन से ग्रसित होता है। विषमता का निर्माण होता है तो वह धर्म भी अधर्म और पाप में परिवर्तित हो जाएगा हमारा पतन निश्चित है।



# सरल और संयमित जीवन में ही धर्म स्थायी होता है : उपप्रवर्तकश्री नरेशमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विल्सन गार्डन के श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ में विराजित श्रमणसंघीय उपप्रवर्तक नरेशमुनिजी ने कहा कि मनुष्य जन्म का मिलना अत्यंत दुर्लभ होता है, जिसे प्रत्येक आत्मा को सार्थक बनाना चाहिए। आगम वाणी पर गहन श्रद्धा रखते हुए, धर्म-पुरुषार्थ के साथ आत्मोन्नति की दिशा में अग्रसर होना ही मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य होना चाहिए। मानव का मस्तिष्क विचारों का केंद्र है। यही विचार शुभ भी बनाते हैं और अशुभ भी। इसलिए विचारों की शुद्धि ही आत्मिक विकास का पहला चरण है। क्रोध, मान, माया और लोभ इन चार कषायों का क्षय करते रहना साधक का अनिवार्य कर्तव्य है। ङ्कमुनिश्री ने कहा कि सरल और संयमित जीवन में ही धर्म स्थायी होता है। बाहरी साधनों में नहीं, बल्कि भीतर की पवित्रता, सहजता और विनम्रता में ही धर्म का वास्तविक वास है। शालिभद्रमुनि ने कहा कि सच्ची विजय संसार को जीतने में नहीं, बल्कि स्वयं को जीतने में है। अहिंसा जीवन दृष्टि है। वाणी, मन और कर्म में कोमलता लाना ही अहिंसा का मर्म है। श्रावक को प्रतिदिन कुछ समय स्वाध्याय, समायिक, प्रार्थना और आत्म-निरीक्षण के लिए अवश्य निकालना चाहिए। यही साधना मन को निर्मल, शांत और धर्मनिष्ठ बनाती है। उन्होंने कहा कि दया, क्षमा, सेवा और विनम्रता ऐसे गुण हैं जो आत्मा को प्रकाशित करते हैं और समाज में आदर्श स्थापित करते हैं। संघ के प्रचार-प्रसार मंत्री प्रकाशचंद बाफना ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। रविवार को मुमुक्षु लवेश सिंघवी का संघ द्वारा सम्मान किया जाएगा। चेयरमैन मीठालाल मकाणा ने स्वागत किया। अध्यक्ष नेमीचंद भंसाली ने आभार व्यक्त किया। मंत्री सज्जनराज बोहरा ने संचालन किया।



# वाणी पर हमेशा संयम रखना चाहिए : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के आड़गुड़ी स्थित श्री भवतारक पार्श्वनाथ जैन संघ में अपने प्रवचन में साध्वी भव्यगुणाजी ने कहा कि वाणी का संयम खोने से ही हिंसा व अशांति का जन्म होता है। सदा अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए। बोलने के बाद नहीं बल्कि बोलने से पहले सोचना चाहिए कि उसके क्या परिणाम हो सकते है। हमारे परिवार से लेकर समाज, गांव से लेकर देश तक हर जगह आपसी क्लेश व कलह का मुख्य कारण वाणी का संयम नहीं रहना ही सामने आएगा। उन्होंने कहा कि सच्चा श्रावक वहीं है जिसकी भावनाएं हमेशा निर्मल व पवित्र रहे ओर वह सदा परहित की सोच रखें।

हम संसार से मुक्त होना चाहते हैं तो उन पदार्थो व वस्तुओं से दूर होना होगा जो हमारे अंदर राग-द्वेष उत्पन्न करते हैं। राग-द्वेष के भाव रहने तक हमारे में ममत्व भाव रहेगा ओर हमारा आत्मकल्याण नहीं हो पाएगा। ङ्कङ्कसाध्वी शीतलगुणाजी ने कहा कि कभी भी पापी से नहीं पाप से, दोषी से नहीं दोष से घृणा की जानी चाहिए। हम पाप को हटा देंगे तो पापी भी सुधर जाएगा। इसी तरह दोष समाप्त हो जाए तो दोषी भी निर्मल हो सकता है, इसलिए जीवन में हमेशा गलत कार्य करने वाले की बजाय गलत कार्य से नफरत करनी चाहिए।

जब गलत कार्य होंगे ही नहीं तो किसी के प्रति नफरत का भाव नहीं रहेगा। मन व भावों से की जाने वाली आराधना ही सार्थक होती है। हस्तीमल बाफना, कमलचंद बाफना, सुनील बाफना, अनिल बाफना, संगीता बाफना, अरुणा बाफना, उर्मिला जैन, दलपत धोका ने सेवा का लाभ लिया। साध्वीवृंद की विहार सेवा में अर्हम ग्रुप के मुकेश जैन, जीतू जैन, सुनील कुंकुलोल ने लाभ लिया। बाबूलाल धोका ने सभी को धन्यवाद दिया।




# फीबा बास्केटबॉल विश्व कप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारत 30 नवंबर को चेन्नई के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में एक अंतर्राष्ट्रीय पुरुष बास्केटबॉल टूर्नामेंट (एफआईबी) विश्व कप 2027 एशियाई क्वालीफायर (विंडो-1) की मेजबानी करने पर गर्व महसूस कर रहा है।

भारतीय बास्केटबॉल महासंघ और तमिलनाडु बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में, बीएफआई के अध्यक्ष आधव अर्जुन और भारत के मुख्य कोच स्कॉट फ्लेमिंग तथा अन्य ने अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम में चेंगलवरया नायडू कोषाध्यक्ष, कुलविंदर सिंह गिल महासचिव बीएफआई, नॉर्मन स्वरूप इसाक अध्यक्ष तकनीकी समिति और एजाज अहमद सचिव टीएनबीए भी उपस्थित थे।

बीएफआई के अध्यक्ष आधव अर्जुन ने बताया कि, तैयारियों के कारण भारतीय टीम में काफी सुधार हुआ है। हम अंतरराष्ट्रीय मानकों के प्रशिक्षण के साथ निशानेबाजी और गति पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम जमीनी स्तर पर भी काम कर रहे हैं हमारा अंतिम लक्ष्य ओलंपिक तक पहुंचना है।

भारत के मुख्य कोच स्कॉट फ्लेमिंग ने कहा, हमें तमिलनाडु के खिलाड़ियों पर बहुत गर्व है।

हम चयन समिति के साथ मिलकर उन 12 खिलाड़ियों का चयन करते हैं जिनके जीतने की संभावना सबसे ज़्यादा है, चाहे वे कोई भी हों या कहीं से भी हों। बास्केटबॉल का विकास हो रहा है और इसमें तेज़ी आएगी।

यह शानदार आयोजन प्रतिभाशाली खेल सितारों को अवसर प्रदान करता है तथा खेल प्रेमियों को यहीं से इस स्तर का अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट देखने का अवसर प्रदान करता है।

# राजराजेश्वरीनगर में 7 दिसम्बर को सजेगा 'राणी दादी' का दरबार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। स्थानीय दादी धाम प्रचार समिति के तत्वावधान में राजराजेश्वरीनगर स्थित तेरापंथ भवन में 7 दिसम्बर को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष शिवकुमार टेकड़ीवाल ने बताया कि इस अवसर पर कोलकाता के कारीगरों द्वारा राणी सती दादी का भव्य दरबार सजाया जाएगा। दोपहर 3 बजे से पूजन कर अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। इस मौके पर कोलकाता के गायक मोनू मोर व सूरत की गायिका वर्षा सोनी भजनों की प्रस्तुति देंगे। सचिव संजय चौधरी ने जानकारी में बताया कि इस भक्तिमय कार्यक्रम में भव्य श्रृंगार, अखंड ज्योत, चुनड़ी उत्सव, गजरा उत्सव, मेहंदी उत्सव, छप्पन भोग व दादी जी का खजाना, नि:शुल्क लक्की ड्रॉ सहित अनेक आकर्षण होंगे। समिति के सदस्य वार्षिकोत्सव की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## कन्नड़ राज्योत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के श्रीनगर स्थित जनमन कन्नड़ संघ द्वारा आयोजित कर्नाटक राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने मां भुवनेश्वरी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके ध्वजारोहण किया। मुणोत ने विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित करते हुए कहा कि हमें अपनी भाषा एवं संस्कृति पर गर्व है और हमें उससे जुड़े रहना है। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।

## सुन्दरकांड पाठ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तिरुपुर में 29 नवम्बर को तिरुपुर बालाजी के दीवाने मंडल द्वारा मासिक 27वां सुन्दरकांड का पाठ यहां के रायपुरम् स्थित गणेश मंदिर में किया गया। मंडल की अध्यक्ष शिला शाह ने नेतृत्व में अनेक सदस्य उपस्थित थे।



# शांतिनिकेतन इंग्लिश मीडियम स्कूल का वार्षिक खेलकूद समारोह 'एथलीट एरीना' सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। शहर के शांतिनिकेतन इंग्लिश मीडियम स्कूल ने शैक्षणिक वर्ष 2025 के लिए वार्षिक खेलकूद समारोह 'एथलीट एरीना' का आयोजन किया। वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम की शुरुआत मार्च पास्ट से हुई तथा विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक मशाल प्रज्वलन व अतिथियों द्वारा ओलंपिक ध्वज आरोहण के माध्यम से खेलकूद समारोह का शुभारंभ किया गया। एथलीटों ने निष्पक्ष खेल और खेल भावना का पालन करने की शपथ ली। विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक ड्रिल का प्रदर्शन किया गया।

विद्यार्थियों ने कई पदक और प्रमाणपत्र जीते। जिला एवं राज्य स्तरीय विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केएलई शिक्षा संस्थान के शारीरिक शिक्षा निदेशक महालिंगप्पा एम. कुरागोडी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल छात्रों को साहसी, आत्मविश्वासी बनाते हैं और नेतृत्व क्षमताविकसित करते हैं। मंडल सचिव भारत एम. भंडारी ने कहा कि खेल एक सामान्य शारीरिक गतिविधि है, जो व्यक्ति में अनुशासन का विकास करती है और सफलता के लिए यह आवश्यक है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष महेन्द्र पालगोता, पीयू व डिग्री कॉलेज के प्राचार्य वेण्णकन्ना हुग्गी व इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रशासक बसवराज शेट्टर भी उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने सरदार पटेल को इतिहास से मिटाने का बहुत प्रयास किया : नड्डा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वडोदरा (गुजरात)/भाषा। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सरदार पटेल को इतिहास से मिटाने का बहुत प्रयास किया और यहां तक कि पार्टी ने नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा सरदार पटेल के स्मारक के रूप में निर्मित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' की लागत और आवश्यकता पर भी सवाल उठाया।

नड्डा ने यहां अटलदरा गांव में 'सरदार एट द रेट ऑफ150 यूनिटी मार्च' के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती थी कि सरदार पटेल को याद किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अपनी नीतियों से कश्मीर मुद्दे को बिगड़ने दिया, जबकि सरदार पटेल ने आजादी के बाद 562 रियासतों का सफलतापूर्वक देश में विलय किया।

नड्डा ने आरोप लगाया, ''कांग्रेस ने एक षड्यंत्र के तहत जानबूझकर सरदार पटेल को इतिहास से मिटाने की बहुत कोशिश की। वे चाहते थे कि उनका नाम गायब हो जाए ताकि उन्हें याद न रखा जाए। लंबे समय तक, कांग्रेस ने यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया कि भारत के लौह पुरुष का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज न हो।'' नड्डा ने कहा कि सरदार पटेल का निधन 1950 में हुआ था, लेकिन उन्हें 1991 में 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने सरदार पटेल को सच्चे अर्थों में याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। लेकिन, जब मोदी ने पटेल को श्रद्धांजलि स्वरूप गुजरात के नर्मदा जिले में दुनिया की सबसे ऊंची 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' बनाने का फैसला किया, तो कांग्रेस ने इसकी लागत पर सवाल उठाए।''नड्डा ने कहा, ''कांग्रेस ने पूछा कि इतना पैसा क्यों खर्च किया जा रहा है। और जब सरदार पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई, तो कांग्रेस के सदस्यों ने सवाल उठाया कि इससे क्या हासिल होगा।'' भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों का एकीकरण किया था, जबकि तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने कहा था कि वह जम्मू-कश्मीर पर फैसला लेंगे। नड्डा ने कहा, ''और उन्होंने (नेहरू) क्या फैसला किया? अनुच्छेद 370 देश की एकता और अखंडता के लिए एक बड़ा संकट बन गया। सरदार पटेल ने 562 रियासतों को देश में एकीकृत किया और महाराजा हरि सिंह से विलय पत्र पर हस्ताक्षर भी करवाए।

# अफगान तालिबान सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ में मदद कर रहा : पाक सेना

इस्लामाबाद/भाषा। पाकिस्तानी सेना ने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान तालिबान देश में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए आतंकियों को सीमा पर घुसपैठ कराने में मदद कर रहा है। सेना की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह आरोप लगाया। पत्रकारों से बातचीत का एक वीडियो शुक्रवार शाम जारी किया गया।

प्रवक्ता के अनुसार, अफगान तालिबान सेना पाकिस्तानी सीमा चौकियों पर गोलीबारी करती है, जिससे ''आतंकवादियों और यहां तक कि तस्करों को पाकिस्तान में घुसपैठ का मौका मिलता है।''

लेफ्टिनेंट जनरल चौधरी ने कहा, ''सीमाओं की सुरक्षा हमेशा पारस्परिक रूप से होती है। दोनों देश उनकी रक्षा करते हैं। अब दूसरी तरफ एक ऐसा देश है जिसकी चौकियां पहले आपकी चौकियों पर गोलीबारी करती हैं और फिर दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो जाती है। और इस बीच मौका पाकर वे उन्हें (आतंकवादी) सरहद पार करवाते हैं।''

सैन्य प्रवक्ता ने कहा, ''ये बेहद समन्वित हमले हैं। वे चौकियों पर हमला करते हैं और तस्करों के वाहन मौका पाकर सीमा करते हैं।''

# आध्यात्मिक शक्तियों से उपचार का दावा करने वाला यूट्यूबर दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

मलप्पुरम/भाषा। केरल के मलप्पुरम में आध्यात्मिक शक्तियों से उपचार करने का दावा करने वाले यूट्यूबर को एक महिला का ''यौन शोषण'' करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार यूट्यूबर की पहचान साजिल चेरुपनक्कड़ के रूप में हुई है, जो 'मिरेकल पाथ' नाम से यूट्यूब चैनल संचालित करता है। इस चैनल पर 27,000 से अधिक सब्सक्राइबर हैं। पुलिस के अनुसार, चेरुपनक्कड़ चमत्कार करने का दावा करता था और उसका यूट्यूब चैनल देखने के बाद कई लोगों ने मदद के लिए उससे संपर्क किया था।

उसने बताया कि शिकायतकर्ता ने यूट्यूबर के वीडियो देखने के बाद उससे दोस्ती की थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी, शिकायतकर्ता के घर पर मिलने गया और उसका कथित तौर पर ''यौन शोषण'' किया।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के श्रेयांस पारणा समिति के तत्वावधान में श्रीरामपुरम स्थित जेपीपी श्रमणी सेंटर में संचालित एकांतर वर्षीतप पारणा कार्यक्रम में वार्षिक सहयोगी जितेंद्रकुमार,अभिनंदन छाजेड़ परिवार का सम्मान किया गया। समिति के चेयरमैन रमेशचंद सियाल, सहचेयरमैन मीठालाल लोढ़ा सहित अन्य पदाधिकारियों ने छाजेड़ परिवार का सम्मान किया। ज्ञातव्य है कि समिति द्वारा एकांतर पारणा में 160 वर्षीतप आराधक तपस्वियों के लिए पारणा की व्यवस्था की गई है।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.